उसके बाद मैं कुछ दिन वहाँ रहा और सब लोगो के साथ घुलने मिलने की कोशिश करने लगा. मैं वहाँ के तमाम लोगो का दिल जीत भी लिया था. लेकिन मेरा मकसद यहाँ से इन्फर्मेशन कलेक्ट करना था. इसलिए अब मेरा सारा दिन होटेल्स मे और रात फाइट क्लब मे गुज़रने लगी थी. मेरे बहुत कोशिश करने के बाद भी मैं किसी भी तरह की इन्फर्मेशन नही निकाल पा रहा था क्योंकि सब मुझे किसी मेहमान की तरह ट्रीट कर रहे थे वो लोग मुझे अपने जशन मे और पार्टी मे तो शामिल करते थे .लेकिन अपने बिजनेस की कोई भी बात मेरे सामने नही करते थे. कुछ दिन ऐसे ही गुज़रने के बाद एक दिन मुझे लाला से पता लगा कि छोटे ख्वाजा (ख्वाजा साहब का बेटा) वापिस आ रहा है और मुझसे मिलना चाहता है. क्योंकि मुझे पिछला कुछ भी याद नही था इसलिए मैं उसे भी अपना दोस्त और हमदर्द ही समझ रहा था.यही आगे चलकर मेरी सबसे बड़ी ग़लती साबित हुई.

२७

मैं रोज़ की तरह अपने होटेल के रूम मे तैयार हो रहा था कि किसी ने मेरा रूम नॉक किया. जब दरवाज़ा खोला तो मुझे पता चला कि छोटा ख्वाजा ने मुझे नीचे लाला के कॅबिन मे बुलाया है. मैं फॉरन तैयार होके नीचे चला गया. नीचे जाते ही २ गार्ड ने मुझे रोक लिया और मेरी तलाशी लेने लगे. ये दोनो लोग मेरे लिए नये थे,क्योंकि लाला के सब आदमियो को मैं जानता था. मेरी तलाशी लेने के बाद उन्होने मेरी गन निकाल ली और मेरे लिए कॅबिन का दरवाज़ा खोल दिया और मैं बिना कुछ बोले चुप-चाप अंदर चला गया. अंदर कुर्सी पर एक आदमी बैठा जिसने टेबल पर अपनी दोनो टांगे रखी हुई थी और उसके पास ही लाला अपने दोनो हाथ बाँधे खड़ा था. सबसे अजीब बात तो ये थी कि आज वहाँ रोज़ की तरह लाला का एक भी आदमी मोजूद नही था.सब लोग हाथ मे हथियार पकड़े थे और सब नये चेहरे थे.

छोटा ख्वाजा : (अपनी सिग्रेट जलाते हुए) ओ हो..... तो मेरे आदमी सही कह रहे थे.उस्मान सच मे वापिस आ गया है भाई वाहह.

मैं : (अदब से सलाम करते हुए) जी... आपने मुझे याद किया था.

छोटा : अर्रे ये सलाम करना कब से सीख लिया अपन तो पुराने दोस्त हैं यार... चलो यहाँ आओ बैठो.

मैं : (कुर्सी पर बैठ ते हुए) जी शुक्रिया....

छोटा : तो तुमको पुराना कुछ भी याद नही है हमम्म.

मैं : (ना मे सिर हिलाते हुए) जी नही....

छोटा : हम्म.... तो ये बात है.... (अपने आदमियो को इशारा करते हुए)

मैं : (कुछ ना समझने वाले अंदाज़ मे) मुझे कुछ समझ नही आ रहा आपने बस मुझसे यही पूछना था.

छोटा : नही यार मैं तो तुम्हारे लिए एक तोहफा लाया था. सोचा तुमको पसंद आएगा.

मैं : जी कौनसा तोहफा

छोटा : चलो आओ तुमको तुम्हारा तोहफा दिखाऊ.... (मेरे पास आते हुए) तुम जानना नही चाहोगे तुमको गोली किसने मारी थी.

मैं : (चौंकते हुए) क्या.... आप जानते हैं.... कौन है वो कमीना. उस साले को तो मैं ज़िंदा दफ़न कर दूँगा जिसने मेरी ये हालत की है. (गुस्से से)

छोटा : भाई तुम्हारा दुश्मन हमारा दुश्मन.... मेरे आदमी तो उसको वही ठोक देते जहाँ वो हम को मिला था. फिर सोचा तुमको पहली बार मिल रहा हूँ ठीक होने के बाद खाली हाथ जाऊंगा तो तुमको अच्छा नही लगेगा. इसलिए तुम्हारे लिए इससे आला तोहफा नही हो सकता था ,इसलिए तुम्हारे लिए बचा के रखा है.

मैं : कौन है वो हरामखोर ? क्या नाम है उसका ?बताओ मुझे ख्वाजा साहब . आपका अहसानमंद रहेगा ये उस्मान.

छोटा : खुद ही चलकर देख लेना.

उसके बाद छोटा ख्वाजा,मैं और लाला साथ मे ख्वाजा के आदमी नीचे चले गये और फिर हमारे लिए कारआ गई. मैं, लाला और छोटा ख्वाजा एक गाड़ी मे बैठे थे .बाकी सब आदमी पिछे दूसरी गाडियो मे आ रहे थे. मेरे बार-बार पूछने पर भी छोटा ख्वाजा मुझे उस आदमी का नाम नही बता रहा था. इधर मेरे अंदर एक अजीब सा तूफान जाग गया था. मैं बे-क़रार हुआ जा रहा था उस आदमी को अपने हाथो से गोली मारने के लिए जिसने मेरा अतीत मेरी शक्सियत मुझसे छीन ली थी. आज अगर मुझे मेरे बारे मे कुछ भी याद नही था तो उसका ज़िम्मेदार वही आदमी था. अब मुझे इंतज़ार था उस पल का जब मेरा और उस आदमी का सामना होगा जिसने मुझे गोली मारी थी.

कुछ देर बाद हमारी कार एक आलीशान मकान के सामने रुक गई. गाड़ी के रुकते ही लोग गाड़ी से उतर गये.मैने अपनी कोट के साइड मे हाथ डाला ताकि मैं गन निकाल सकूँ और जाते ही उस आदमी पर गोली चला सकूँ जिसने मेरी ये हालत की थी. लेकिन कोट मे हाथ डालते ही मुझे याद आया कि मेरी पिस्टल तो छोटे ख्वाजा के आदमियो ने ले ली थी.

मैं : (पलट ते हुए) ख्वाजा साहब मुझे मेरी गन चाहिए

छोटा : अर्रे भाई इतनी भी क्या बे-सबरी ,पहले अंदर तो चलो. तुमको तुम्हारी गन भी मिल जाएगी. फिर जो दिल चाहे कर लेना उसके साथ.

मैं : ठीक है

उसके बाद हम सब लोग घर के अंदर चले गये. अंदर जाने के बाद हम सब को ख्वाजा ने सोफे पर बैठने का इशारा किया और खुद अपने दो गार्ड्स के साथ सीढ़ियो से उपर चला गया. उस वक़्त इंतज़ार का एक-एक पल मेरे लिए कई साल के इंतजार जैसा हो रहा था. मैं चाहता था कि जल्दी से जल्दी वो इंसान मेरे सामने आ जाए और उसकी जान ले लूँ ताकि मेरे दिल को कुछ क़रार आ सके. मैं खामोश होके गर्दन नीचे लटकाए बैठा था.मेरे साथ लाला और करीम

बैठे थे. बाकी के तमाम लोग सोफे के आस-पास खड़े हुए थे. कुछ ही देर मे छोटा ख्वाजा एक मुस्कान के साथ सीढ़ियो से नीचे उतरता हुआ नज़र आया. उसके पिछे कुछ लोग एक आदमी को पकड़ कर नीचे ला रहे थे. उसके चेहरे को एक काले नक़ाब से ढका हुआ था और देखने से लग रहा था. जैसे वो आदमी उसको घसीट कर नीचे ला रहे थे.ऐसा लग रहा था जैसे वो बेहोश हो. कुछ ही देर मे वो लोग उसको उठाके नीचे ले आए और एक कुर्सी पर बिठा दिया. तभी छोटा ख्वाजा मेरे पास आया और गन निकाल कर मुझे पकड़ा दी.

छोटा : (मुझे गन देते हुए) ले भाई उस्मान अपना तोहफा क़बूल कर और ठोक दे साले को.

मैं : (गन पकड़ते हुए) ख्वाजा साहब ! क्या मैं इस हरामखोर का चेहरा देख सकता हूँ एक बार. अगर आपको ऐतराज़ ना हो तो.

छोटा : ज़रूर यार क्यो नही..... (अपने आदमी को इशारा करते हुए) नक़ाब हटाओ इसका.

मैं : (चौंकते हुए) ये तो साजिद है ख्वाजा साब.

छोटा : ठीक पहचाना ये साजिद ही है .साला पुलिस का खबरी है. मुझे पता चला है कि इसी ने तुम्हारी इन्फर्मेशन पुलिस तक पहुँचाई थी.

मैं : (गन नीचे करते हुए) लेकिन ख्वाजा साहब यही तो मुझे यहाँ तक लेके आया था. ये कैसे पुलिस का खबरी हो सकता है.अगर ये पुलिस का खबरी होता तो मुझे पुलिस तक लेके जाता यहाँ क्यों लाता.... आपको किसी ने ग़लत इन्फर्मेशन दी है.

लाला : हाँ ख्वाजा साहब .उस्मान सही कह रहा है

छोटा : (अपनी गन निकालते हुए) मैने जो बोला वो करो... तुम लोग अपना भेजा मत चलाओ समझे.

मैं : ख्वाजा साहब आपको इतना यक़ीन कैसे हैं.

छोटा : (गुस्से से अपनी पिस्टल मेरे सिर पर रखते हुए) तुने सुना नही मैने क्या बोला.तू इसको ठोक नही तो मैं तुझे ठोक दूँगा. ३ गिनने तक का वक़्त देता हूँ तुझे... अगर तेरी गोली नही चली तो मेरी चलेगी.

मैं : ख्वाजा साहब मेरी बात सुनिए एक बार....

छोटा : १.....

करीम : यार तू पागल हो गया है ठोक देना साले को. इसके लिए क्यो अपनी जान से खेल रहा है.

मैं गहरी सोच मे डूबा हुआ था और फ़ैसला नही कर पा रहा था कि साजिद को बचाऊ या खुद को. अगर मैं साजिद पर गोली नही चलाता तो ख्वाजा मुझे मार देता. लेकिन अब मैं कोई अपराधी नही था इसलिए चाह कर भी उस पर गोली नही चला सकता था. अभी मैं अपनी ही सोच मे गुम था कि ख्वाजा की आवाज़ मेरे कानो से टकराई.

छोटा : २.....

मैं : (अपनी गन नीचे करते हुए)

ख्वाजा : तुझसे गोली नही चलेगी सुजल.... (मेरे हाथ से गन लेते हुए और साजिद को अपनी पिस्टल से गोली मारते हुए)

ख्वाजा ने मेरे सामने साजिद को मार दिया. लेकिन ये बात मेरे लिए किसी झटके से कम नही थी कि ख्वाजा को मेरी असलियत पता थी क्योंकि उसने मुझे उस्मान नही सुजल कहकर पुकारा था. इसका मतलब चौहान के दफ़्तर मे कोई था जो ख्वाजा का आदमी था और उसको मेरे बारे मे सब कुछ बता रहा था.

करीम : ख्वाजा साहब ! ये सुजल नही उस्मान है.

ख्वाजा : खा गये ना धोखा तुम सब भी.... जिसको तुम उस्मान समझ रहे हो वो उस्मान नही सुजल है. इसको हमारा काम तमाम करने के लिए ही पुलिस ने यहाँ भेजा है....

करीम : (चौंकते हुए) क्याआ.... नही... नही... ख्वाजा साहब आपको किसी ने ग़लत इन्फर्मेशन दी है. ये उस्मान ही है. मैं अपने दोस्त को पहचानने मे धोखा नही खा सकता....

ख्वाजा :(जोरसे हँसते हुए) जो गया था वो उस्मान था ! लेकिन अब जो वापिस आया है ये उस्मान नही सुजल है ..समझा...

लाला : लेकिन ये कैसे हो सकता है .उस्मान मर जाएगा लेकिन पुलिस का साथ कभी नही देगा .आप से ज़्यादा हम उस्मान को जानते हैं.

ख्वाजा : ठीक है अगर ये उस्मान है तो पुछो इसको बाबा की तिजोरी कहाँ है और उन्होने सारा सोना कहाँ रखा हुआ है... अब ये बात तो सिर्फ़ उस्मान ही जानता है ना... अगर ये उस्मान है तो इसको साबित करनी होगी ये बात.

मैं : मेरा यक़ीन करो ख्वाजा साहब. मैं उस्मान ही हूँ लेकिन मुझे पिछला कुछ भी याद नही है मैं सच कह रहा हूँ.

ख्वाजा : ठीक है फिर याद कर लो आराम से.जब तक तुमको याद नही आ जाता तब तक तुम इस घर से बाहर नही जा सकते (अपने आदमियो को इशारा करते हुए) डाल दो इसको साजिद की जगह पर और इसको तब तक मारो जब तक ये सब कुछ बता नही देता.

उसके बाद ख्वाजा के आदमियो ने मुझे पकड़ लिया और उपर एक कमरे मे ले गये जहाँ मुझे एक कमरे मे बंद कर दिया गया जिसका दरवाज़ा लोहे का बना था. मैं अंदर से चिल्लाता रहा और दरवाज़ा खोलने की नाकाम कोशिश करता रहा. लेकिन दरवाज़ा बंद होने के बाद किसी ने मेरी बात नही सुनी. अभी मुझे कमरे मे दाखिल हुए कुछ ही देर हुई थी कि दरवाज़े के नीचे से धुआँ आने लगा जिससे मुझे अज़ीब सी घुटन होने लगी और लगातार खाँसी आने लगी. वो अज़ीब किस्म की गॅस थी जिससे कुछ ही देर मे मेरी आँखो के सामने अंधेरा छा गया और मैं बेहोश हो गया. मुझे नही पता मैं कितनी देर वहाँ ज़मीन पर बेहोश पड़ा रहा लेकिन जब मुझे होश आया तो मैं कुर्सी से बँधा पड़ा था. मेरे चारो तरफ बहुत सारे लोग खड़े थे और एक अँग्रेज़ आदमी मेरी बाजू को रूई (कॉटन) से साफ कर रहा था.

मैं : कौन हो तुम और मुझे बाँधा क्यो है खोलो मुझे...

अँग्रेज़ : रिलॅक्स !!! अभी सब ठीक हो जाएगा. (दूसरे आदमी से एक इंजेक्शन लेते हुए)

मैं : हरामखोर खोल मुझे... (अपने आप को छुड़ाने की नाकाम कोशिश करते हुए)

अँग्रेज़ : काम डाउन !!! अभी सब ठीक हो जाएगा.

ख्वाजा : आखरी बार पूछ रहा हूँ बाबा की तिजोरी कहाँ है और उसको कैसे खोलते हैं बता नही तो कुछ देर बाद तू सब कुछ खुद ही बता देगा.

मैं : मैने बोला ना मुझे कुछ याद नही.तुम्हे बात समझ मे नही आती.

ख्वाजा : डॉक्टर यू कॅन कंटिन्यू ! ये ऐसे नही बताएगा साला बहुत पुराना पापी है.

उसके बाद वो अँग्रेज़ डॉक्टर ने मुझे वो इंजेक्शन लगा दिया जिससे मुझे एक अजीब सा नशा छाने लगा मेरे चारो तरफ की चीज़े मुझे गोल-गोल घूमती हुई नज़र आने लगी. मैं बोलना चाह रहा था लेकिन मुझसे बोला नही जा रहा था और बहुत तेज़ नींद आ रही थी.

अँग्रेज़ : (मेरे गाल थप-थपाते हुए) क्या नाम है तुम्हारा.

मैं : (अँग्रेज़ को गौर से देखते हुए) हमम्म्म...

अँग्रेज़ : क्या नाम है तुम्हारा.

मैं : कभी उस्मान, कभी सुजल ! मैं दोनो हूँ हाहहहहहहाहा

अँग्रेज़ : तुमको यहाँ किसने भेजा है ?

मैं : (ज़ोर-ज़ोर से हँसते हुए)

अँग्रेज़ : तुमको यहाँ किसने भेजा है.

मैं : तेरी माँ ने.... हाहहहहहहाहा

ख्वाजा : (मुझे थप्पड़ मारते हुए) डोज बढ़ाओ डॉक्टर...

अँग्रेज़ : (एक और इंजेक्शन मुझे लगाते हुए) तुमको यहाँ किसने भेजा है

मैं : बाबा ने (यहाँ मे गाव वाले बाबा का ज़िक्र कर रहा हूँ) हाहहहहहाहा

ख्वाजा : (चौंकते हुए) तुमको बाबा ने किस लिए यहाँ भेजा है.

मैं : तेरी मारने के लिए भोसड़ी के.... हाहहहहहहाहा

उसके बाद मुझे कुछ याद नही क्योंकि मेरी आँखो के आगे अंधेरा छा गया और मैं फिर से बेहोश हो गया. जब आँख खुली तो मैं वापिस उसी कमरे मे था जहाँ मुझे पहले रखा गया था और मेरे सामने करीम बैठा था और मेरे मुँह पर पानी मार रहा था.

करीम : उठ जा मेरे बाप साला कबसे सोया पड़ा है.

मैं : (अपनी आँखें साफ करते हुए) करीम तू यहाँ...

करीम : हाँ मैं... अब बात सुन मेरी ये सब साले पागल हो गये हैं.लेकिन मैं जानता हूँ तू मेरा भाई है मेरा उस्मान.

मैं : तू यहाँ कैसे आया.

करीम : वो सब छोड़ ये ले मेरी गन और ये कुछ पैसे रख ले तेरे काम आएँगे और ये ले मेरी गाड़ी की चाबी... अब तू यहाँ से निकल जा.तेरा यहाँ रहना ठीक नही वरना छोटा ख्वाजा और उसके आदमी तुझे ठोक देंगे.

मैं : लेकिन तू....

करीम : मेरी फिकर मत कर यार तेरे वैसे ही मुझ पर बहुत अहसान है .आज बहुत मुद्दत के बाद मोक़ा मिला है यारी का हक़ अदा करने का .अब तू यहाँ से जा और यहाँ चले जाना(एक पर्ची मेरे हाथ मे देते हुए) यहाँ तू एक दम सेफ रहेगा और तुझे तेरे हर सवाल का जवाब भी मिल जाएगा. जो तू अक्सर सबसे पूछता रहता है और इस जगह के बारे मे किसी को कुछ भी मत बताना.

उसके बाद मुझे कमरे के बाहर फायर की आवाज़ सुनाई देने लगी. मैं पूरी तरह होश मे तो नही था फिर भी चलने के क़ाबिल था. मुझे करीम ने पकड़कर जल्दी से खड़ा किया और अपनी कोट की जेब से एक और गन निकाल ली और मेरे आगे आके खड़ा हो गया. और कमरे के बाहर मेरा हाथ पकड़कर ले गया. बाहर नीचे बहुत से लोग थे ,जो फायर कर रहे थे. वही बाल्कनी मे कुछ करीम के लोग भी थे जो जवाब मे फायर कर रहे थे, लेकिन नीचे खड़े लोगो की तादाद बहुत ज़्यादा थी और उपर खड़े लोग गिनती मे बस ५-६ ही थे. तभी एक गोली आके करीम के पेट मे लगी. जिससे वो वही गिर गया.मैने उसको जल्दी से संभाला और करीम की दी हुई पिस्टल से मैने भी नीचे खड़े लोगो पर फायर करना शुरू कर दिया.

करीम : तू रहने दे उस्मान ! तू जा यहाँ से. हम लोग संभाल लेंगे.

मैं : पागल हो गया तुझे गोली लगी है.तू चल मेरे साथ जो होगा देखा जाएगा.

करीम : नही यार अपना साथ यही तक था.अब तू जा. मैं इनको ज़्यादा देर नही रोक पाऊंगा और याद रखना छोटा ख्वाजा तुझ पर मेरा उधार है.जब हाथ लगे तो साले के भेजे मे गोली मारना मेरी तरफ से. यहाँ किसी पर भी भरोसा मत करना सब साले कुत्ते हैं मेरी बात याद रखना.

मैं : (रोते हुए) यार तू कैसी बात कर रहा है.तुझे कुछ नही होगा. तू चल मेरे साथ, इन सब को मैं अकेला ही देख लूँगा और ख्वाजा को तू खुद मारेगा.

करीम : (हँसते हुए) शेर की आँख मे आँसू अच्छे नही लगते. तू जा यहाँ से.

तभी एक गोली मेरी गर्दन को छू कर निकल गई जिससे मेरी गर्दन से खून निकलने लगा और दर्द की एक तेज़ लहर मेरे पूरे बदन मे दौड़ गई. ये देखकर जाने करीम को क्या हुआ उसने मुझे पिछे धक्का दे दिया जिससे मैं ज़मीन पर गिर गया और खुद खड़ा होके अँधा-धुन्ध नीचे खड़े लोगो पर गोलियाँ बरसाने लगा. नशे के इंजेक्शन की वजह से मैं चाह कर भी कुछ नही

कर पा रहा था. इससे पहले कि मैं खड़ा होता करीम सीढ़ियो से नीचे उतरने लग गया और उन लोगो पर अपनी दूसरी पिस्टल से भी गोलियाँ चलाने लगा. जब तक मैं वापिस अपने पैरो पर खड़ा हुआ नीचे सब लोग मर चुके थे. और करीम सीढ़ियो मे पड़ा तड़प रहा था उसके पूरे बदन से पानी की तरह खून निकल रहा था. मैं दवाई के नशे मे लड़-खडाता हुआ सीढ़ियो से नीचे की तरफ आया और जाके करीम को देखा तो वो भी मुझे छोड़ कर जा चुका था. मैने आज अपनी जिंदगी का सबसे कीमती दोस्त खो दिया था .जिसने जिंदगी के हर मोड़ पर मेरा साथ दिया था. मेरी आँखो मे आँसू और दिल मे छोटे ख्वाजा के लिए बे-इंतेहा नफ़रत थी. मैने अपने आँसू साफ किए और अपने दोस्त करीम का स्कार्फ जो वो हमेशा अपने हाथ पर बांधता था उसे उतार कर अपने हाथ पर बाँध लिया और वहाँ से सीधा घर के बाहर निकल गया और जल्दी से करीम की कार मे बैठ गया.

मैने कार स्टार्ट की और अपनी जेब मे हाथ डाल कर करीम की दी हुई पर्ची को देखने लगा. उसमे लिखा पता देखा और अपनी कार को तेज़ रफ़्तार से दौड़ा दिया .मैं नही जानता था कि करीम ने मुझे कहाँ भेजा है. मैं काफ़ी देर से गाड़ी चला रहा था और अब मैं उस इलाक़े से काफ़ी दूर भी निकल आया था.अचानक मुझे याद आया कि आज के हुए इस हादसे के बारे मे चौहान को बता दूं और अब आगे क्या करना है ये भी पूछ सकूँ. लेकिन फिर मुझे साजिद की याद आई और इतना तो मैं समझ गया कि ज़रूर चौहान के ऑफीस मे ही कोई खबरी है जो मेरी पल-पल की खबर छोटे ख्वाजा तक पहुँचा रहा है. इसलिए मैने चौहान को भी उस ठिकाने के बारे मे बताना ठीक नही समझा. क्योंकि ये मुमकिन था कि कोई चौहान का फोन भी टॅप कर रहा हो. यही सब सोचता हुआ मैं लगातार गाड़ी को दौड़ाता रहा. कुछ घंटे की ड्राइव के बाद मुझे हाइवे पर एक पेट्रोल पंप नज़र आया वहाँ मैने रुक कर अपनी गाड़ी मे फ़्यूल भरवाया.

मैं : सुनिए यहाँ कोई टेलिफोन है ! मुझे एक फोन करना है.

लड़का : जी साहब अंदर है कर लीजिए फोन.

मैं : (गाड़ी से बाहर निकलते हुए) शुक्रिया.

लड़का : साहब आपको तो बहुत चोट लगी है और आपकी गर्दन से खून भी निकल रहा है.

मैं : कोई बात नही ये ठीक हो जाएगा मेरा छोटा सा एक्सीडेंट हुआ था.

लड़का : बुरा ना मानो साहब ,तो मेरा घर पास ही है. अगर आप चाहे तो मैं आपकी पट्टी करवा सकता हूँ.

मैं : नही कोई बात नही शुक्रिया.

उसके बाद वहाँ पड़े एक पानी के घड़े से पहले मैने अपना मुँह धोया और अपनी गर्दन पर लगा

खून साफ किया. क्योंकि इस बात को अब काफ़ी वक़्त हो गया था इसलिए जखम से खून निकलना बंद हो गया था और मेरी गर्दन पर लगा खून भी सूख गया था. उसके बाद मैं पेट्रोल पंप के अंदर चला गया और चौहान का नंबर डायल किया.

चौहान : हल्लो....

मैं : हल्लो चौहान साहब ! मैं सुजल बोल रहा हूँ.

चौहान : सुजल तुम... ये किसका नंबर है

मैं : चौहान साहब ये एक पेट्रोल पंप का नंबर है और यहाँ बहुत गड़बड़ हो गई है

चौहान : क्या हुआ....

उसके बाद मैने सारी बात तफ़सील से चौहान को बता दी...

चौहान : हमम्म ! ये तो बहुत गड़बड़ हो गई है और तुम्हारी बात एक दम सही है.मुझे भी लगता है कोई ना कोई मेरे दफ़्तर मे ही है जो छोटा ख्वाजा से मिला हुआ है. उस कमीने खबरी की वजह से ही मेरे सबसे खास इनफॉर्मर साजिद की जान गई है. खैर कोई बात नही वो सब मैं संभाल लूँगा. अब तुम ये बताओ कि अब तुम कहाँ हो.

मैं : पता नही चौहान साहब अभी तो मैं उसी शहर मे हूँ (मैने झूठ बोला क्योंकि करीम ने मुझे उस जगह के बारे मे किसी को भी बताने से मना किया था)

चौहान : तुम कुछ दिन के लिए अंडर-ग्राउंड हो जाओ. कुछ दिन बाद मुझसे कॉंटॅक्ट करना और मेरे मोबाइल पर फोन करके बताना कि तुम कहाँ हो फिर मैं तुमको तुम्हारा अगला कदम बताऊंगा. तब तक छोटे ख्वाजा को भूल जाओ.

मैं : जी ठीक है...

उसके बाद मैने फोन बंद किया और बाहर आ गया जहाँ वो लड़का खड़ा मेरा ही इंतज़ार कर रहा था. मैने उसको फ़्यूल के पैसे दिए और वापिस अपनी कार मे आके बैठ गया. और वापिस अपनी कार को तेज़ रफ़्तार से दौड़ा दिया.

२८

मुझे मेरी मंज़िल पर पहुँचते-पहुँचते रात हो गई थी. करीम ने जहाँ का मुझे पता दिया था मैं नही जानता था कि उसने मुझे कहाँ भेजा है. इसलिए मेरे दिमाग़ मे अब भी कई सवाल घूम रहे थे. कुछ ही देर मे मैं अपनी मंज़िल पर पहुँच गया l,जो एक बस्ती सी लग रही थी. वहाँ काफ़ी घरो मे रोशनी नज़र आ रही थी लेकिन मुझे जितना पता दिया गया था वो सिर्फ़ उस बस्ती तक का ही था.आगे मुझे पता नही था कि कौनसे घर मे जाना है. क्योंकि वहाँ मुझे बहुत से घर नज़र आ रहे थे. मैं कार से उतरा और एक घर का दरवाज़ा खट-खटाया. कुछ ही देर मे दरवाज़ा खुल गया. उस घर मे से एक आदमी बाहर आया.

मैं : जी इतनी रात को आपको तक़लीफ़ देने के लिए माफी चाहता हूँ दर-असल मुझे सलमान से मिलना था.

अभी मैने अपनी बात भी मुक़ाम्मल नही की थी कि मेरे सामने खड़ा आदमी मुझे देख कर खुश हो गया और मेरे गले से लग गया.

आदमी : उस्मान भाई तुम ज़िंदा हो.

मेरे कुछ समझ नही आ रहा था कि ये आदमी मुझे कैसे जनता है.

मैं : क्या आप मुझे जानते हैं.

आदमी : कैसी बातें कर रहे हो भाई ! तुमको यहाँ कौन नही जानता.तुम तो हमारे अपने हो. बाहर क्यो खड़े हो अंदर आओ.

मैं : जी शुक्रिया.

मेरी कुछ भी समझ नही आ रहा था कि ये मेरे साथ क्या हो रहा है. ये आदमी मुझे कैसे जानता है. तभी एक औरत मेरी तरफ आई और अदब से मुझे सलाम किया और मेरे सामने पानी का एक ग्लास रख दिया और वापिस अंदर चली गई. उस ख़ातून ने नक़ाब किया हुआ था इसलिए मैं उसका चेहरा नही देख पाया. तभी वो आदमी मेरे पास आया.

आदमी : तुम यही बैठो! मैं सारी बस्ती को बताके आता हूँ कि हमारा उस्मान वापिस आ गया है और हमारी दुआ रंग ले आई है.

मैं : अच्छा लेकिन तुम्हारा नाम क्या है

आदमी : कमाल है ४ दिन हम से दूर क्या हुए अब तुम मेरा नाम भी भूल गये हो. मैं सलमान हूँ तुम्हारे बचपन का साथी. तुम बैठो मैं अभी आया.

मैं चुप-चाप वहाँ बैठा रहा साथ ही पानी पीने लगा और चारो तरफ नज़र दौड़ा कर उस घर को देखने लगा घर कुछ खास नही बना हुआ था एक दम मेरे गाव के घर जैसा था. तभी एक छोटा सा बच्चा मेरे पास आया.

बच्चा : आप उस्मान चाचा हो ना.

मैं : (उस बच्चे को उठा कर अपनी गोद मे बिठाते हुए) हंजी बेटा ! मैं उस्मान हूँ.लेकिन आप मुझे कैसे जानते हो.

बच्चा : (उंगली से एक कमरे मे इशारा करते हुए) अम्मी ने बताया मुझे कि आप मेरे उस्मान चाचा हो.

मैं : अच्छा.... ये तो बहुत अच्छी बात है और आपका नाम क्या है.

बच्चा : मेरा नाम अली है !

मैं : (हँसते हुए) अच्छा जी.... तुम तो बहुत प्यारी बाते करते हो.

अभी मैं उस बच्चे से बात ही कर रहा था कि बाहर मुझे लोगो का शोर सुनाई दिया. इसलिए मैने उस बच्चे को अपनी गोद मे उठाया और बाहर जाके देखने लगा. बाहर बहुत से लोग जमा हो गये थे जो मुझे बड़ी हैरानी से देख रहे थे. तभी उस भीड़ मे से एक बूढ़ी सी औरत मेरे सामने आके खड़ी हो गई और मुझे बड़े गौर से देखने लगी. फिर बड़े प्यार से मुझे गले से लगा लिया और मेरा माथा चूम लिया साथ ही मुझे दुआ देने लगी.

अम्मा : (रोते हुए) कहाँ चला गया था बेटा अपनी अम्मा को छोड़ कर और इतना वक़्त तू था कहाँ.जानता है हमने तुझे कितना याद किया और तेरी सलामती के लिए कितनी दुआएँ की थी.

मैं : मेरा आक्सिडेंट हो गया था जिससे मेरी याददाश्त चली गई थी. आप लोग कौन है और मुझे कैसे जानते हैं.

अम्मा : मुझे पहचाना नही उस्मान मैं अम्मा हूँ.

मैं : (ना मे सिर हिलाते हुए) मुझे यहाँ करीम ने भेजा है.

अम्मा : करीम.... है कहाँ वो ना-मुराद .तू वापिस आ गया है और उसने हमे बताना भी ज़रूरी नही समझा.

उसके बाद मैने अपनी सारी कहानी अम्मा को और वहाँ खड़े तमाम लोगो को सुना दी और साथ ही ये भी बता दिया कि करीम के साथ क्या हुआ. ये सुनकर सब लोग बेहद दुखी हो गये.

अम्मा : क्या तक़दीर मिली है हमे.एक बेटा वापिस मिला तो दूसरा बेटा दूर चल गया.

मैं : अम्मा मैने उससे बहुत कहा था साथ चलने के लिए लेकिन वो माना ही नही और खुद उन लोगो से मेरे लिया लड़ता रहा. मेरे लिए अपनी जान क़ुरबान कर दी.

अम्मा : ऐसा ही था वो. तुझ पर तो जान देता था और तुम दोनो की दोस्ती को कौन नही जानता.

मैं : (रोते हुए) अम्मा मुझे बहुत अफ़सोस है कि मैं करीम के लिए कुछ कर नही पाया.

उसके बाद काफ़ी देर वहाँ सब लोग खड़े रहे और सब लोग मुझसे तरह-तरह के सवाल पूछते रहे. रात काफ़ी हो गई थी इसलिए अम्मा ने सबको जाने का कह दिया और मुझे वापिस सलमान के साथ एक घर मे भेज दिया जो मुझे बताया गया कि ये मेरा ही घर है. उसके बाद मैं उस घर के अंदर चला गया और पूरे घर को बड़े गौर से देखने लगा. घर काफ़ी शानदार था और वहाँ रखी हर चीज़ काफ़ी कीमती लग रही थी. उस घर की एक-एक चीज़ मुझसे जुड़ी थी लेकिन जाने क्यो मुझे कुछ भी याद नही था. मैं उस घर की एक-एक चीज़ को बड़े गौर से देख रहा था और पहचाने की कोशिश कर रहा था. कुछ देर यहाँ-वहाँ घूमने के बाद मैं अपने बिस्तर पर आके लेट गया और दिन भर हुए तमाम हादसो के बारे मे सोचने लगा. कुछ ही देर मे मुझे नींद आ गई और मैं सुकून की नींद सो गया.

सुबह अपनी आदत के मुताबिक़ मैं जल्दी उठ गया और नहा-धो कर तैयार हो गया. उसके बाद सलमान का बेटा अली मुझे उसके घर बुलाने के लिए आ गया. वहाँ मैने सलमान ने और अली ने साथ मिल कर नाश्ता किया. फिर सलमान मुझे वही बैठने का कह कर खुद कहीं चला गया. मैं भी अब एक दम फारिग था इसलिए अली के साथ खेलने मे लग गया. कुछ देर बाद सलमान वापिस आ गया.

सलमान : चलो उस्मान चलें.

मैं : कहाँ चलना है.

सलमान : तुम चलो तो सही बहुत से लोग हैं जो तुम्हारा इंतज़ार कर रहे हैं.

मैं : अच्छा चलो....

सलमान : सुनो पहले ये कपड़े बदल लो और ये जूते और लॉकेट भी उतार दो.

मैं : लेकिन क्यो

सलमान : सबर करो! तुमको तुम्हारे सब सवालो का जवाब मिल जाएगा.

उसके बाद मैं कपड़े बदलकर और सलमान के दिए कपड़े पहनकर सलमान के साथ घर से बाहर निकल गया जहाँ बाहर एक कार हमारा इंतज़ार कर रही थी. हम दोनो चुप-चाप उस कार मे जाके बैठ गये. कुछ देर बाद कार ने हम को एक खंडहर के बाहर उतार दिया.

मैं : सलमान ! ये कौनसी जगह है ?

सलमान : (खुश होते हुए) तुम चलो तो सही.

मैं सवालिया नज़रों से सलमान को देखता हुआ उसके पीछे-पीछे चलने लगा. खंडहर के अंदर घुसते ही बाहर मुझे कुछ लोग खड़े नज़र आए ,जिनके हाथ मे बंदूकें थी. उनको देखते ही मैं अलर्ट हो गया और अपना हाथ पीछे अपनी गन के उपर रख लिया ताकि ज़रूरत पड़ने पर मैं जल्दी से गन निकाल सकूँ. लेकिन वहाँ तो सब उल्टा हो गया था वो लोग मुझे देखते ही खुश हो गये और बारी-बारी मुझसे गले मिलने लगे. वो सब लोग मुझे देख कर बहुत खुश थे. उसके बाद एक आदमी जल्दी से एक क़बर के सामने जाके खड़ा हो गया उसने एक नज़र मुझे मुस्कुरा कर देखा और फिर क़बर पर लगे एक पत्थर को घुमा दिया जिससे क़बर किसी दरवाज़े की तरह खुल गई फिर वो आदमी मुझे पिछे आने का इशारा करके नीचे उतर गया. मैं भी बाकी लोगो के साथ उस क़बर के अंदर उतर गया जो कि बाहर से क़बर जैसी लगती थी लेकिन अंदर से एक ख़ुफ़िया रास्ता थी. लेकिन मुझे ये नही पता था कि ये रास्ता जाता कहाँ है. मैं बस उनके पीछे-पीछे चल रहा था.

कुछ ही देर मे हम एक आलीशान जगह पर खड़े थे. वहाँ नीचे बहुत से लोग पहले से मोजूद थे. सब ने बारी-बारी आके मुझे गले से लगाया और करीम का अफ़सोस किया. उसके बाद वो लोग मुझे एक कमरे मे ले गये जहाँ एक बुजुर्ग बेड पर लेटे हुए थे जिनके एक तरफ खून की बोतल लगी थी. शायद वो बहुत ज़्यादा घायल थे और उनके बाजू मे सूमा, गानी और लाला भी बैठे थे. उनको वहाँ देख कर मैं बेहद हैरान था कि ये लोग यहाँ कैसे हैं.

मैं : तुम दोनो यहाँ कैसे.

लाला : सब बताते हैं ! पहले बाबा से तो मिल ले .

मैं : (चौंकते हुए) क्या ये बड़े ख्वाजा साहब है?

सूमा : हाँ भाई !

बाबा : (हाथ उठाकर मुझे पास आने का इशारा करते हुए) यहाँ आओ बेटा.

मैं : (बाबा का हाथ चूमते हुए) लेकिन छोटा तो बोल रहा था ये दुबई मे हैं.

बाबा : (मेरा हाथ पकड़ते हुए) यहाँ बैठो बेटा. मैं जानता हूँ तुम्हारे दिमाग़ मे बहुत से सवाल है और आज मैं तुमको तुम्हारे हर सवाल का जवाब दूँगा. उसने तुम्हारे साथ ही नही बल्कि हम सब के साथ भी धोखा किया है. लेकिन पहले ये बताओ तुम इतना वक़्त तक थे कहाँ पर और वो कौन फरिश्ते थे जिन्होने तुमको बचाया.

मैने बाबा को अपनी गुज़री हुई तमाम जिंदगी के बारे मे सच-सच बता दिया. उसके बाद मैं अपने सवालो के जवाब चाहता था इसलिए मैने बारी-बारी बाबा से सवाल पूछने शुरू कर दिए.

बाबा : अब पुछो बेटा ! क्या पूछना चाहते हो ?

मैं : बाबा आप तो छोटे के वालिद हैं ! फिर आपके साथ उसने धोखा किसलिए किया....

बाबा : वो इंसान किसी का वफ़ादार नही.उसका पैसा ही मज़हब है और मक्कारी ही ईमान है.

मैं : लेकिन बाबा आपकी ऐसी हालत कैसे हुई.

बाबा : बेटा मैं बहुत पहले जान गया था कि वो मेरी जगह लेने के लिए किसी भी हद तक गिर सकता है. इसलिए मैने अपनी कुर्सी का वारिस उसे नही बल्कि तुम्हे बनाना चाहता था. लेकिन उस को ये बात पता चल गई और उसने दुनिया को ये बताया कि मैं दुबई मे हूँ जबकि मुझे अपने ही क़िले मे क़ैद कर दिया.कुछ दिन बाद उसने मेरी तमाम दोलत के बारे मे मुझसे पूछा जब मैने नही बताया तो उसने मुझे भी गोली मार दी. अब मेरे बाद मेरे वारिस तुम थे इसलिए उसने तुम पर भी धोखे से हमला करवा दिया तुमको अपने रास्ते से हटाने के लिए. जिसमे तुम तो बच गये लेकिन तुम्हारी याददाश्त ख़तम हो गई. उपर वाले के करम से मैं भी बच गया . फिर मेरे ये बच्चे तुमको बहुत दिन तक तलाश करते रहे लेकिन तुम्हारी कोई खबर नही मिली... छोटे को शक़ ना हो इसलिए सूमा, लाला, गानी और करीम उसकी गॅग मे काम करते रहे सिर्फ़ इसलिए कि उसकी सारी खबर मुझ तक पहुँचती रहे. फिर एक दिन अचानक से तुम भी वापिस आ गये.लेकिन तुमको किसी की कोई खबर नही थी.तुम्हारे वापिस आ जाने से छोटे की कुर्सी को सबसे बड़ा ख़तरा हो गया. इसलिए उसने हर तरीके से तुमको नुकसान पहुँचाने की कोशिश की... रिंग मे भी तुम्हारे खिलाफ जो फाइटर खड़ा हुआ था उसको तुम्हे मारने के लिए कहा गया था.लेकिन तुमने उसे ही मार दिया.फिर तुम्हारी कार मे उसने बॉम लगवाया लेकिन तुम उस दिन घर से बाहर ही नही निकले और तुम फिर बच गये. जब करीम को ये बात पता चली तो उसने तुमको कभी अकेला नही छोड़ा. बहाने से हमेशा लाला या करीम तुम्हारे साथ रहे. उसके बाद करीम ने तुम्हे अपने साथ रख लिया और हर क़दम पर

बिना तुम्हे पता चले तुम्हारी हिफ़ाज़त करता रहा.

मैं : लेकिन बाबा इन्होने तो मुझे भी कभी कुछ नही बताया.

बाबा : बेटा जैसे तुम वापिस आए थे तुमको ये सब बताना ख़तरे से खाली नही था क्योंकि तुम पर नज़र रखी जा रही थी. इसलिए मैने ही इनको तुम्हे कुछ बताने से मना किया था.

मैं : एक बात समझ नही आई आपको मेरा पता कैसे चला.

बाबा : (मुस्कुराते हुए) बेटा तुम लोगो को मैने पैदा नही किया तो क्या हुआ लेकिन तुमको मैने पाला है और तुम सब की मैं रग-रग जानता हूँ.

मैं : बाबा अब मेरे लिए क्या हुकुम है.

बाबा : (अपने तकिये के नीचे हाथ डाल कर गन निकालते हुए) एक म्यान मे दो तलवारे नही रह सकती उस्मान ! तुमको उसे ख़तम करना होगा और मेरी कुर्सी संभालनी होगी.

मैं : बाबा वो आपका बेटा है.

बाबा : मेरे बेटे इस वक़्त मेरे साथ मोजूद हैं. जिसको मैं तुम्हे ख़तम करने के लिए बोल रहा हूँ वो मेरा तो क्या किसी का भी बेटा नही है. मुझे अफ़सोस होता है ऐसी औलाद पर, एक तुम लोग हो जो सिर्फ़ मेरी परवरिश के लिए अपनी जान तक दाँव पर लगाने को तैयार रहते हो. मेरे लिए एक वो है जो कुर्सी के लिए अपने ही बाप को मारना चाहता है.

मैं : जी बाबा जैसा आप चाहेंगे वैसा ही होगा.

बाबा : (मुस्कुराते हुए) मुझे तुमसे यही उम्मीद थी बेटा.

उसके बाद बाबा को हमने आराम करने दिया और हम सब बाहर आके बैठ गये .आज मैं बहुत खुश था क्योंकि एक मुद्दत के बाद मुझे सुकून मिला था.मैं अब अपने बारे मे सब कुछ जान चुका था.

मैं : लाला ! तुम लोगो से मैं अक्सर इतने सवाल पूछता था. कभी तो मुझे बता देते.

लाला : यार हम क्या करते ? बाबा का हुकुम था ! जब तक तू ठीक नही हो जाता तुझे कुछ ना बताया जाए. जानता है अगर छोटे को तेरे बारे मे पता ना चलता तो अब भी तुझे हम लोगो ने कुछ नही बताना था. लेकिन अफ़सोस उस कमीने को तेरे बारे मे सब पता चल गया और

इसी चक्कर मे करीम को अपनी जान गँवानी पड़ी.

मैं : यमैं सच कहता हूँ अगर मुझ पर नशे का असर नही होता तो मैं करीम को खरॉच भी नही आने देता.

सूमा : हम जानते हैं यार ! तू हम सब के लिए अपनी जान भी दाव पर लगा सकता है. लेकिन क्या करते दोस्त तू एक क़ोरा काग़ज़ बनके वापिस आया था. तुझे ये सब कुछ बताते भी तो कैसे.

मैं : कोई बात नही ! तुम लोगो ने ठीक किया.

उसके बाद बाकी का दिन ऐसे ही गुज़रा.लेकिन आज मैं बहुत खुश था और दिल को एक तसल्ली थी कि मेरा भी कोई है. और सबसे बड़ी बात मुझे मेरा सुकून मिल गया था. क्योंकि जो सवाल हमेशा मेरे दिमाग़ मे घूमते रहते थे और मुझे परेशान करते थे,उनसे आज मुझे निजात मिल गई थी. मेरा दिल चाह रहा था कि मैं अपनी ये खुशी बाबा, जास्मिन, सलमा, हीना और नताशा के साथ भी बांटु. लेकिन अफ़सोस मैं उन लोगो से बहुत दूर था. मेरा दिल चाह रहा था कि काश वो भी आज मेरे साथ होते तो ये देख कर कितना खुश होते कि मेरा भी एक परिवार है.जिसमे उन सब लोगो की तरह ये लोग भी बे-इंतेहा प्यार करते हैं. ऐसी सोच के साथ मेरा पूरा दिन गुज़र गया.शाम को सलमान हम सब के लिए खाना ले आया जो हम सब ने मिलकर खाया. उसके बाद मैं सलमान के साथ वापिस अपनी बस्ती मे आ गया और अपने घर मे जाके सुकून से सो गया.

२९

रात को मैं सुकून से सोया पड़ा था कि अचानक किसी ने मेरा दरवाज़ा खट-खटाया. जिससे एक दम से मेरी नींद खुल गई. मैं अपनी आँखें मलता हुआ दरवाज़े के पास पहुँचा और दरवाज़ा खोल दिया. सामने एक लड़की खड़ी थी जो मुझे आँखें फाडे घूर-घूर कर देख रही थी. उसके पिछे सलमान और बाकी कुछ और लोग खड़े थे. वो लड़की शायद कही बाहर से आई थी क्योंकि उसके हाथ मे एक छोटा सा बॅग था और बाकी के कुछ बड़े बॅग्स सलमान ने उठा रखे थे.

मैं : सलमान तुम इतनी रात को यहाँ... और ये कौन है...

सलमान : ये... वो... (नीचे देख कर मुस्कुराते हुए)

इससे पहले कि सलमान अपनी बात पूरी करता वो लड़की ने बिना कुछ बोले मुझे अपने गले से लगा लिया और रोना शुरू कर दिया. मुझे कुछ समझ नही आ रहा था कि ये लड़की कौन है और मुझे इस तरह गले लगाकर क्यो रो रही है.

सलमान : (अपनी आँखों पर हाथ रखते हुए) अहम्...अहम्... अच्छा उस्मान भाई सुबह मिलेंगे.

लड़की : (मुझे गले लगाए हुए ही) चलो अंदर....

मुझे कुछ भी समझ नही आ रहा था कि इतनी रात को ये कौन लड़की है जो इस तरह मेरे घर मे घुस आई है और मुझे पर इतना हक़ जता रही है. वो लड़की मेरे देखते-देखते घर के अंदर चली गई और मैं उसके बाकी बॅग्स उठा कर घर के अंदर ले आया. इससे पहले कि मैं उस लड़की से कुछ पूछता वो फिर से आके मुझसे चिपक गई और उसने एक साथ मुझसे कई सवाल पूछ लिए.

लड़की : (मेरा चेहरा पकड़कर चूमते हुए) कहाँ चले गये थे मुझे छोड़कर.मेरी याद नही आई तुमको.जानते हो तुमने मुझे कितना रुलाया है.क्या हुआ ऐसा क्यो देख रहे हो मुझे जैसे पहली बार देखा हो.

मैं : (उसको खुद से दूर करते हुए) ये क्या बेहूदगी है कौन हो तुम....

लड़की : अच्छा... तो अब मैं कौन हो गई हूँ.... शाबाश... क्या बात है कोई नयी ढूँढ ली है क्या. जो अब मुझे पहचानना भी बंद कर दिया है.

मैं : देखिए मुझे कुछ भी याद नही है. आक्सिडेंट के बाद से मेरी याददाश्त जा चुकी है.

लड़की : (बेड से उठकर मेरे पास आते हुए) हाए.... ये कैसे हो गया.

उसके बाद मैने उसको सारी बात फिर से बता दी जिसको वो बड़े गौर से सुन रही थी.

लड़की : उस्मान तुमको मैं भी नही याद.

मैं : (ना मे सिर हिलाते हुए) नही... मुझे पिछला कुछ भी याद नही है.

लड़की : (परेशान होते हुए) ऊओ..... माफ़ करना मुझे पता नही था... मुझे सिर्फ़ इतना ही बताया गया कि मेरा उस्मान वापिस आ गया है.तो मैं खुशी से पागल हो गई थी और मुझसे सुबह तक भी इंतज़ार नही हुआ इसलिए मैं फॉरन चली आई.

मैं : आपका नाम क्या है.

लड़की : मेरा नाम शहनाज है !

मैं : अच्छा... तुम करती क्या हो.

शहनाज : मैं यतीम बच्चों की देखभाल करती हूँ और उनको पढ़ाती हूँ.... तुम्हारे जाने के बाद यही मेरी जिंदगी थी.

मैं : क्या तुम मेरी बीवी हो.

शहनाज : (मुस्कुराते हुए) कह तो तुम बहुत साल से रहे हो कि शादी करेंगे लेकिन अभी तक वो दिन आया नही है.

मैं : तुमने खाना खा लिया...

शहनाज : तुमको देखते ही सारी भूख मिट गई.... अब तो सुबह ही खाएँगे दोनो साथ मे... खैर जाने दो ये सब... अब काफ़ी रात हो गई है बाकी बातें सुबह करेंगे... मैं कपड़े बदलने जा रही हूँ उसके बाद सो जाते हैं ठीक है.

मैं : ठीक है

मेरे घर मे एक ही बेड था इसलिए मैने उसको अपने बिस्तर पर सुलाना ही मुनासिब समझा और खुद अपना बिस्तर सोफे पर लगा लिया. इतनी देर मे शहनाज भी कपड़े बदलकर आ गई

थी जो मुझे देखकर मुस्कुरा रही थी.

शहनाज : क्या कर रहे हो जनाब.

मैं : बिस्तर कर रहा हूँ अपना.

शहनाज : सोफे पर....

मैं : हंजी बेड पर आप सो जाना मैं सोफे पर सो जाऊंगा.

शहनाज : (मुस्कुराते हुए) हाए..! तुम इतने शरीफ कबसे हो गये... कोई ज़रूरत नही सोफे पर सोने की चलो यहाँ आओ और मेरे साथ आके सो जाओ.

मैं : क्या पहले भी हम साथ मे सोते थे.

शहनाज : हां बाबा.... पहले भी साथ मे ही सोते थे. अब चलो आओ यहाँ और आके सो जाओ. मैं तुमको खा नही जाऊंगी.

मैं : ठीक है

उसके बाद मैं उसके साथ जाके लेट गया. वो मेरी तरफ मुँह करके लेटी हुई थी और मुझे ही देख रही थी और मुस्कुरा रही थी. मैं उसको बड़े गौर से देख रहा था और याद करने की कोशिश कर रहा था. लेकिन अफ़सोस मुझे कुछ भी याद नही आ रहा था. लड़की देखने मे काफ़ी खूबसूरत थी बड़ी-बड़ी आँखें, पतले से होंठ, तीखा सा लेकिन बहुत छोटा सा नाक और गालो पर पड़ने वाली बालो की छोटी सी लट तो उउफफफफ़ एक दम जानलेवा थी. मैं काफ़ी देर उसको देखता रहा और वो मुझे देख रही थी और मुस्कुरा रही थी इसलिए मैने ही बात शुरू की.

मैं : क्या हुआ शहनाज.

शहनाज : (ना मे सिर हिलाते हुए) मुझे अपनी किस्मत पर यक़ीन नही हो रहा कि तुम वापिस आ गये हो. जानते हो तुम्हारे बिना एक-एक दिन मैने मौत जैसा गुज़ारा है.

मैं : अब तो वापिस आ गया हूँ ना

शहनाज : लेकिन अब तुम पहले जैसे नही हो.

मैं : क्यो पहले मे और अब मे क्या फरक पड़ा है ओर मैं पहले कैसा था.

शहनाज : एम्म्म... पहले बहुत बदमाश थे हमेशा मुझे सताते रहते थे अब तो....

मैं : अब तो क्या....

शहनाज : (मुस्कुराते हुए) कुछ नही जाने दो... एक बात बोलूं अगर तुमको ऐतराज़ ना हो तो.

मैं : हमम्म बोलो.

शहनाज : तुमको गले लगने का बहुत दिल कर रहा है.अगर तुमको ऐतराज़ ना हो तो.

ये बात सुनकर जाने क्यो मैने खुद उसे गले लगा लिया. ये पहली बार था जब मैं खुद उसको अपने गले से लगाया था. मेरे बिना कुछ बोले इस तरह गले लगाने से वो भी बहुत खुश हो गई और उसने भी अपनी उपर वाली बाजू मेरी कमर मे डालकर मुझे ज़ोर से पकड़ लिया. कुछ देर वो ऐसे ही मेरे साथ गले लगी लेटी रही फिर अचानक मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे वो रो रही हो. इसलिए मैने फॉरन उसका चेहरा अपने हाथो से पकड़कर उपर किया तो वो सच मे रो रही थी.

मैं : (उठकर बैठते हुए) क्या हुआ रो क्यो रही हो... मेरा तुमको गले लगाना बुरा लगा?

शहनाज : (आँसू साफ करते हुए और ना मे सिर हिलाते हुए) नही बहुत अच्छा लगा और ये तो खुशी के आँसू हैं... जानते हो इस पल का मैने कितना इंतज़ार किया है.

मैं : मुझे माफ़ कर दो. मैं भी तुमको छोड़ कर नही जाना चाहता था. लेकिन उस दिन जाने मे क्यो चला गया और उसके बाद मेरे साथ ये सब हो गया. मैं तो तुम्हारा दर्द भी नही बाँट सकता क्योंकि मुझे कुछ भी याद नही है.

शहनाज : कोई बात नही ! अब मैं आ गई हूँ ना तुमको सब याद आ जाएगा. और आगे से मुझे कभी छोड़कर कभी मत जाना.

मैं : (कान पकड़ते हुए) नही जाऊंगा.

उसके बाद हम दोनो फिर से लेट गये.इस बार वो मेरे उपर लेटी थी ओर मेरी गाल पर अपने नाज़ुक से हाथ फेर रही थी.

शहनाज : तुमने मूच्छे साफ करदी अपनी.

मैं : हमम्म ..! क्यो अच्छा नही लग रहा ?

शहनाज : नही... नही... बहुत अच्छे लग रहे हो. उल्टा मैं तो खुद तुमको इससे साफ करने को कहती थी. लेकिन तुम हमेशा ये कहकर मना कर देते थे कि मूछ के बिना शेर अच्छा नही लगेगा. अब खुद ही देखो मेरा शेर क्लीन शेव कितना सेक्सी लगता है. (मेरी गाल चूमते हुए)

मैं : (बिना कुछ बोले मुस्कुराते हुए) कमाल है आज तक तो लड़कियाँ ही कामुक होती थी. अब लड़के भी कामुक हो गये हैं...

शहनाज : (मुस्कुराते हुए) तुम तो मेरे सब कुछ हो.... मेरी जान हो.

मैं : जानती हो मुझे दो दिन हो गये यहाँ आए हुए और तुम मुझे आज मिलने आई हो.

शहनाज : मैं क्या करती. मुझे सलमान भाई जान ने बताया ही आज है.नही तो तुमको क्या लगता है मैं रुकने वाली थी क्या. तुमको नही पता मैने तुम्हारे बिना ये वक़्त कैसे निकाला है .तुम साथ होते थे तो ऐसा लगता था मेरी हर खुशी मेरे पास है ,मैं हमेशा महफूज़ हूँ .लेकिन तुम्हारे जाने के बाद तो जैसे मेरी दुनिया ही लूट गई थी. मैं सारा दिन रोती रहती थी और यही तुम्हारे घर मे ही पड़ी रहती थी. फिर एक दिन सलमान भाई जान की बीवी असमा भाभी ने मुझे समझाया ओर मैने तुम्हारे अधुरे सपने को ही अपना मक़सद बना लिया.

मैं : मेरा सपना.... कौनसा.

शहनाज : तुम्हारी ख्वाहिश थी कि तुम अपना एक यतीम खाना खोलो .जहाँ तमाम बे-घर बच्चो को अच्छी तालीम और अच्छा खाना पीना मिल सके .इसलिए मैने बाबा की इजाज़त से तुम्हारा सपना पूरा किया और तुम्हारे नाम से एक यतीम खाना खोल दिया. बस अब मैं सारा दिन उन्ही बच्चो को पढ़ती रहती हूँ.

मैं : ये तो तुम बहुत नेक़ काम कर रही हो.

उसके बाद हम सुबह तक ऐसे ही बातें करते रहे. सुबह कब हुई हम दोनो को पता ही नही चला. लेकिन एक रात मे मैं शहनाज के बहुत नज़दीक आ गया था. उसमे एक अजीब सा अपनापन था जिसने मेरे दिल मे उसके लिए जगह बना दी थी. कुछ देर ऐसे ही बातें करने के बाद हम दोनो सुबह जल्दी तैयार हो गये. क्योंकि हमे बड़े ख्वाजा साहब (बाबा) से मिलने भी जाना था.

हम सुबह बाबा से मिलने चले गये.वहाँ कोई ख़ास बात नही हुई. बाबा शहनाज से यतीम खाने के बारे मे पूछते रहे. बाबा हम दोनो को एक बार फिर साथ देखकर बहुत खुश थे. उसके बाद शहनाज मुझसे कही घूमने चलने की ज़िद्द करने लगी. इसलिए बाबा से मिलकर वहाँ से हम एक जीप मे बैठे और घूमने चले गये. मैं शहनाज से बातें करते हुए गाड़ी चला रहा था कि ,अचानक एक कार तेज़ रफ़्तार से मेरे पास से गुज़र गई और आगे जाके कुछ दूरी पर सड़क के बीच मे रुक गई .जिसने मुझे भी चोन्का दिया और मैने भी अपनी जीप रोक दी. इससे

पहले कि मैं कुछ समझ पता सामने खड़ी कार का दरवाज़ा खुला और उसमे से कुछ लोग निकले और मेरी जीप पर अँधा-धुन्ध गोलियाँ चलाने लगे. मैं इस अचानक हमले के लिए तैयार नही था. ना ही उनसे मुक़ाबला करने के लिए उस वक़्त मेरे पास कोई हथियार था. गोली जब जीप के सामने वाले काँच पर लगी तो मैने शहनाज को पकड़कर नीचे कर दिया ताकि गोली शहनाज को ना लग जाए और जीप को रिवर्स मे पिछे की तरफ चलाने लगा.

शहनाज : उस्मान ये कौन लोग है ? जो पागलो की तरह हम पर गोलियाँ चला रहे हैं.

मैं : पता नही शायद छोटे ख्वाजा के लोग हैं.

शहनाज इस तरह अचानक हुआ हमले से बहुत ज़्यादा डर गई थी इ.सलिए मैने वहाँ से निकलना ही मुनासिब समझा. मैं पूरी रफ़्तार से गाड़ी पिछे की तरफ दौड़ा रहा था और वो लोग लगातार हमारी जीप पर गोलियाँ चला रहे थे. अब हम उनसे काफ़ी दूर आ गये थे. इसलिए वो लोग वापिस कार मे बैठ गये और कार को हमारी तरफ भगाने लगे. मैने भी गाड़ी घुमा कर रोड की जगह जंगल मे जीप को घुसा दिया था. मैने अपनी जीप बंद की और शहनाज को जीप से उतारकर थोड़ी दूरी पर एक पेड़ के पीछे खड़ा कर दिया जिससे सामने से वो किसी को नज़र नही आ सकती थी.

मैं: तुम यही रूको मैं अभी आता हूँ.

शहनाज : कहाँ जा रहे हो उस्मान उनके पास हथियार है.

मैं : डरो मत कुछ नही होता. उनके पास हथियार है तो उस्मान खुद एक हथियार का नाम है.

शहनाज : मत जाओ ना... मुझे डर लग रहा है.

मैं : (उसका गाल को सहलाते हुए) कुछ नही होगा .फिकर मत करो.मैं बस अभी आ रहा हूँ.

तब तक वो कार भी जंगल के बाहर रुक चुकी थी और उसमे बैठे तमाम लोग जंगल के अंदर आ चुके थे. वो पांच लोग थे और सबके हाथ मे पिस्टल थी. इसलिए मैं सामने से उनका मुक़ाबला नही कर सकता था. इसलिए मैने एक तरकीब सोची और एक पेड़ पर चढ़ गया जिसकी लताये नीचे ज़मीन पर लटक रही थी. मैने पेड़ पर चढ़ कर कुछ लताओ को पकड़ा और उनका एक फँदा बना लिया. पेड़ बहुत घना था इसलिए नीचे से मुझे कोई देख नही सकता था.लेकिन मैं सबको देख पा रहा था उनमे से २ लोग जल्दी से जीप के पास आए और अंदर देखने लगे जब जीप खाली मिली तो १ आदमी वही खड़ा हो गया और बाकी ४ लोग इधर उधर मुझे ढूँढने लगे. जो १ आदमी जीप के पास खड़ा था उस तक मैं आराम से पहुन्च सकता था. इसलिए मैने वो लताओ का बनाया हुआ फँदा नीचे फैंका और उस आदमी के गले मे डाल कर झटके से उपर खींच लिया वो आदमी वही मर गया. फिर मैने पेड़ से नीचे छलाँग लगाई और जीप के नीचे घुस गया और बाकी के लोगो का इंतज़ार करने लगा तभी २ लोग

वापिस आते हुए नज़र आए. मुझे नीचे से सिर्फ़ ४ टांगे ही नज़र आ रही थी इसलिए मैने नीचे से वो दोनो लोगो की टाँगो को पकड़ कर खींच दिया जिससे वो दोनो गिर गये. मैं जल्दी से बाहर निकला और पूरी ताक़त के साथ अपने दोनो घुटने उन दोनो के सिर मे मारे जिससे वो दोनो भी वही ढेर हो गये. मैने जल्दी से उन दोनो को धकेल कर जीप के नीचे कर दिया ताकि उनके साथी उनको देख ना सके.

अब सिर्फ़ २ लोग बचे थे जो ना-जाने कहाँ चले गये थे. मैं वापिस पेड़ पर चढ़ कर उनका इंतज़ार करने लगा कुछ देर इंतज़ार करने के बाद जब कोई नही आया तो मैने पेड़ से नीचे उतरने का सोचा. तभी १ आदमी सामने से आता हुआ नज़र आया इसलिए मैं वही रुक गया. वो आदमी चारो तरफ देखने लगा शायद वो अपने साथियो को तलाश कर रहा था. मैं उस पर भी हमला करना चाहता था लेकिन वो आदमी मुझसे कुछ दूरी पर खड़ा था इसलिए उसको पास बुलाने के लिए मैने उस आदमी को नीचे फैंक दिया जिसको मैने लताओ का फँदा लगाके मारा था. मेरी ये तरकीब काम कर गई वो दौड़ता हुआ आया और अपने आदमी को देखने लगा. इससे पहले कि वो उपर देखता मैने उसके उपर छलाँग लगा दी. लेकिन इस अचानक हमले से उसकी गन से फायर निकल गया जिसकी आवाज़ पूरे जुंगल मे गूज़ गई. मैने जल्दी से उसकी गन पकड़ी और उसके मुँह मे उसकी पिस्टल डाल कर फायर कर दिया वो भी वही ढेर हो गया. लेकिन अब जो आखरी बचा था वो शायद अलर्ट हो गया था गोली की आवाज़ सुनकर इसलिए. मैं जानता था कि वो अपनी कार के पास ही भागेगा. इसलिए मैं फॉरन तेज़ी से भागता हुआ उसकी कार के पास चला गया. मैं उसको मारने के चक्कर मे ये भी भूल गया कि शहनाज मेरे साथ थी. जिसको मैने जंगल मे अकेला छोड़ दिया है. कुछ ही देर मे वो आदमी मुझे शहनाज के साथ नज़र आया उसने शहनाज के सिर पर गन लगा रखी थी ओर मुझे आवाज़ लगा रहा था.

आदमी : उस्मान जहाँ भी है ,बाहर आजा ! नही तो ये लड़की गई समझ.

मेरे पास भी अब एक पिस्टल थी.लेकिन मैं शहनाज की जान का जोखिम नही ले सकता था. इसलिए चुप-चाप बाहर आ गया ओर पिस्टल को पिछे अपनी बेल्ट मे सेट कर लिया ताकि उसको पिस्टल नज़र ना आए.

आदमी : सामने आके खड़ा होज़ा.

मैं : लड़की को छोड़ दे.

आदमी : नही तो क्या कर लेगा. अगर मैं चाहूं तो तुम दोनो को यही दफ़न कर सकता हूँ.

मैं : तेरे जैसे कितने ही आए और आज ज़मीन के ४ फीट नीचे पड़े हैं. इसलिए मुझे गुस्सा मत दिला और इसको छोड़ दे. तेरी जान बक्ष दूँगा नही तो साले तडपा-तडपा कर मारूँगा.

आदमी : (हँसते हुए) रस्सी जल गई लेकिन बल नही गया. गुस्सा आ गया तो क्या कर

लेगा.... लगता है तुझे गोली मार कर ही यहाँ से लेके जाना पड़ेगा तू ज़िंदा तो चलेगा नही.

ये सुनकर शहनाज को जाने क्या हुआ.उसने उस आदमी की कलाई पकड़ी जिसमे उसने गन पकड़ी थी और झटके से घुमा दिया और भाग कर मेरी तरफ आ गई. अब वो आदमी अकेला था और उसके हाथ से गन गिर चुकी थी. मैने जल्दी से ज़मीन पर गिरी उसकी पिस्टल को ठोकर मार कर दूर फैंक दिया और उसकी तरफ गुस्से से बढ़ा और जाते ही मैने उसकी नाक पर अपने सिर की टक्कर मारी जिससे उसके नाक से खून निकलने लगा. अब मैने उसकी एक बाजू को पकड़ा और सीधा करके घुमा दिया और अपने घुटने के जोड़ मे फसा लिया और उल्टी तरफ खींच दिया. जिससे उसका हाथ टूट गया वो दर्द से चीख और चिल्ला रहा था. अब यही मैने उसके दूसरे हाथ के साथ भी किया और अब उसके दोनो हाथ टूट चुके थे. वो ज़मीन पर गिरा हुआ रो रहा था और चिल्ला रहा था. मैं जल्दी से उस पेड़ के पास गया जहाँ वो लताये लटक रही थी. वहाँ से मैने कुछ लताये तोड़ी और उनका एक फँदा बना लिया और वापिस आके उसके एक पैर मे डाल दिया.जबकि दूसरा सीरा मैने जीप के पिछे बाँध दिया. मैने शहनाज को साथ लिया और हम दोनो जल्दी से जीप मे बैठ गये. अब मैं तेज़ रफ़्तार से जीप चलानी शुरू कर दी और बँधा होने की वजह से वो आदमी भी सड़क पर घसीटता हुआ हमारे साथ आ रहा था. कुछ ही देर मे हम अपने इलाक़े मे पहुँच चुके थ जहाँ सब लोग उसको गौर से देख रहे थे. तभी सलमान और मेरे कुछ लोग दौड़ते हुए मेरी जीप के पास आए.

सलमान : उस्मान ये आदमी कौन है.

मैं : मुझ पर हमला हुआ था आज... ५ लोग थे बस यही बचा है.

सलमान : क्या बात कर रहा है. तुम दोनो ठीक तो हो.

मैं : हम ठीक है.... लेकिन इसका क्या करना है अब.

सलमान : करना क्या है इसको तो मेरे हवाले कर दे.

शहनाज : भाई जान ज़्यादा मत मारना पहले ही उस्मान ने इसको बहुत मारा है.

सलमान : (हँसते हुए) अच्छा भाभी.... उस्मान तू खंडहर पर चला जाना बाबा के पास. इसको मैं देख लूँगा.

मैं : ठीक है...

उसके बाद मैने फिर से जीप दौड़ा दी और अपने घर के सामने लाके जीप को रोक दिया. फिर हम दोनो जैसे ही जीप से उतरे तो बाकी के लोग हमारे पास आ गये और हमारा हाल-चाल पूछने लगे. मैने शहनाज को अम्मा के पास छोड़ा और खुद खंडहर पर चला गया. वहाँ लाला

पहले से मोजूद था.जिसने मुझे गले लगाकर मेरा इस्तक़्बाल किया. फिर हम दोनो बाबा के पास चले गये. बाबा को मैने तमाम हादसे के बारे मे बता दिया.

बाबा : हमम्म ..! तो वो ज़लील इंसान यहाँ तक पहुँच गया है. बेटा इसलिए मैं तुमको कहता था कि तुम अब अपनी कुर्सी संभाल ही लो ताकि ये रोज़-रोज़ का खून खराब तो बंद हो जाए. जब तक मेरी कुर्सी खाली रहेगी, कोई ना कोई उसको हासिल करने की कोशिश करता रहेगा.

मैं : तो बाबा मेरे लिए क्या हुकुम है.

बाबा : मैं चाहता हूँ कि तुम मेरी कुर्सी को संभाल लो... पता नही अब मैं ओर कितने दिन हूँ मैं चाहता हूँ कि मेरे होते हुए ही तुम मेरी कुर्सी पर बैठ जाओ.

मैं : लेकिन बाबा अभी मैं ठीक कहाँ हुआ हूँ.मुझे कुछ भी याद नही है.

बाबा : नही ठीक हुए तो ना सही... तुम्हे अब तक का तो सब कुछ याद है ना. बस उतना ही काफ़ी है. बाकी मैं तुमको सब बता दूँगा.

लाला : हाँ उस्मान बाबा ठीक कह रहे हैं.

मैं : ठीक है बाबा.... जैसा आप बेहतर समझे.

मेरी ये बात सुनकर बाबा बहुत खुश हुए ओर मुझे गले से लगा लिया.

बाबा : लाला जाओ जाके मीटिंग का एलान करो ओर सबको यहाँ बुलाओ और बता दो कि मेरा वारिस आ गया है. अपनी कुर्सी संभालने के लिए.

लाला : जी बाबा ! अभी सबको फोन कर देता हूँ.

बाबा : उस्मान बेटा मेरे पास आओ और मैं तुमको हमारे बिजनेस का तमाम राज़ बता देता हूँ.लेकिन पहले जाके दरवाज़ा बंद करके आओ.

उसके बाद मैने दरवाज़ा बंद कर दिया और बाबा के पास जाके बैठ गया .बाबा ने मुझे तमाम बिजनेस के बारे मे बताया और ये भी बताया कि कौनसा बिजनेस कैसे चलाना है और उसको कौन आदमी बेहतर चला सकता है. साथ ही उन्होने मुझे तमाम दौलत और पैसे के बारे मे बताया. फिर उन्होने आज तक कमाए तमाम सोने के बारे मे मुझे बताया जिसके पिछे छोटा पड़ा था और मुझे बाबा ने ये भी बताया कि तमाम दौलत कहाँ पर पड़ी है और हर सेफ को खोलने का तरीका क्या है.

शाम होने तक हमारे धंधे से जुड़े तमाम लोग वहाँ मोजूद थे जिनमे छोटा ख्वाजा और इकबाल भी था. सबका इज़्ज़त के साथ इस्तक़्बाल हुआ और उनको हॉल मे बिठा दिया गया. मैं बाबा के साथ ही था. क्योंकि बाबा अब चल नही पाते थे इसलिए हमने उन्हे व्हील चेयर पर बिठा दिया और मैं खुद व्हील चेयर को चला कर बाबा को हॉल तक लेकर गया. बाबा के आते ही सब लोग बाबा के लिए खड़े हो गये और बाबा ने हाथ के इशारे से सबको बैठने को कहा. कुछ देर सब लोग बाबा की तबीयत पूछते रहे. उसके बाद बाबा ने काम की बात शुरू की.

बाबा : आप सब इतने कम वक़्त मे यहाँ आए उसका शुक्रिया.

१ आदमी : बाबा लेकिन आपने आज इतने दिन बाद हम सब को एक साथ कैसे याद फरमाया.

बाबा : आप सब तो जानते ही हैं कि अब मुझ मे वो ताक़त नही रही कि मैं अपना इतना फैला हुआ बिजनेस संभाल सकूँ. इसलिए मैने अपना ये सारा बिजनेस आप मे से ही किसी एक को देने का फ़ैसला किया है.

छोटा : इसमे फ़ैसला क्या करना है बाबा आपका बेटा मैं हूँ .तो आपकी कुर्सी पर पहला हक़ भी मेरा है.

बाबा : बेटा हो जाने से काबिलियत नही आ जाती. मैं अपनी कुर्सी उसको दूँगा जो ना सिर्फ़ मेरी कुर्सी को संभाल सके, बल्कि मेरे बनाए बिजनेस को बढ़ा भी सके.

आदमी : अगर छोटा नही है तो फिर वो कौन है बाबा.

बाबा : आज के बाद से उस्मान ही मेरी कुर्सी संभालेगा. इसका हर हुकुम मेरा हुकुम है.अब से ये जिसको जो भी धंधा देगा उसको वही संभालना होगा और महीने की सारी कमाई लाके तुम सब पहले की तरह अब उस्मान को दोगे. जिसमे से उस्मान तुम लोगो का हिस्सा तुमको देगा.

मेरा नाम सुनते ही वहाँ बैठे तमाम लोग खुश हो गये और मेरे लिए तालियाँ बजाने लगे तभी इकबाल और छोटे का मुँह गुस्से से लाल हो गया.

छोटा : बाबा आप ये ठीक नही कर रहे. मेरा हक़ आप किसी और को कैसे दे सकते हैं.

बाबा : मुझे तुमसे सीखने की ज़रूरत नही है कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नही समझेm तुमको जो मिला है उसी से काम चलाओ ,क्योंकि तुम उसके ही लायक हो.

छोटा : (गुस्सा होते हुए) मुझे आपकी खैरात नही चाहिए जो आपने मुझे दिया है वो भी संभाल कर रखू .मैं जा रहा हूँ यहाँसे.आपको क्या लगता है आपकी कुर्सी पर अगर ये बैठ जाएगा तो ये मुझसे बेहतर बिजनेस को संभाल पाएगा.

बाबा : मुझे लगता नही है ,मैं जानता हूँ ! ये मेरा हर बिजनेस को दोगुना कर देगा.

छोटा : ज़िंदा रहेगा तब करेगा ना...

लाला : यहाँ से दफ्फा हो जा नही तो तेरा फ़ैसला मैं यही कर दूँगा.

बाबा : (हाथ से लाला को इशारा करते हुए) मैने जो कहा है वो मेरा आखरी फ़ैसला है .जिसको भी मेरा फ़ैसला मंजूर है वो यहाँ शाँक से बैठा रह सकता है. जिसको ऐतराज़ है वो छोटे के साथ जा सकता है.

बाकी के तमाम मोजूद लोगो ने एक आवाज़ मे एक साथ कहा " हमे आपके फ़ैसले से कोई ऐतराज़ नही है" उसके बाद बाबा के इशारे पर आज पहली बार मैं बाबा की कुर्सी पर जाके बैठ गया और मुझे जैसा बाबा ने समझाया था मैने सबको उनके हिस्से के बिजनेस चलाने को दे दिए.

कुछ देर वहाँ बैठने बाद बाबा आराम करने के लिए चले गये. इसलिए मैं उनको वापिस उनके कमरे मे छोड़ आया और खुद वापिस आके अपने बाकी लोगो के पास जाके बैठ गया और हम सब को उनके काम को चलाने के बारे मे समझाने लगा. रात को सब ज़िद्द करने लगे कि मेरे कुर्सी संभालने की खुशी मे जशन होना चाहिए इसलिए रात को लड़कियो को बुलाया जिन्होने महफ़िल मे चार-चाँद लगा दिए ओर तमाम आए मेहमानो को मदहोश कर दिया.

३०

ऐसे ही कुछ दिन गुज़र गये. अब मैं सारा काम सीख चुका था. हर काम को मैं बहुत अच्छे से मुक़ाम्मल कर रहा था. जिसे देख कर बाबा भी बहुत खुश हो रहे थे कि उनका फ़ैसला सही था. मैं सोच भी नही सकता था कि जहाँ मुझे एक इनफॉर्मर बनाके भेजा गया था, वहाँ के तमाम गिरोह का अब मैं हेड बन गया था. अब मैं मेरी मर्ज़ी का मालिक था इसलिए अपने तरीके से अपने बिजनेस को चलाने मे लग गया.कुछ ही दिन मे मैने बिजनेस को बढ़ाना शुरू कर दिया. मेरे बिजनेस मे जितनी भी रुकावट थी सबको मैने हटा दिया था .क्योंकि जो भी मेरे काम के बीच मे आ रहा था मेरे लोग उसे ख़तम करते जा रहे थे. अब तो ये आलम था कि छोटा और इकबाल भी डर कर कही अंडरग्राउंड हो गये थे. मेरी ताक़त दिन-ओ-दिन बढ़ती जा रही और मेरा गॅंग भी बड़ा होता जा रहा था जिसमे मैने हर काम के लिए स्पेशलिस्ट रखे हुए थे जो मेरे एक हुकुम के गुलाम थे. मैं ताक़त के नशे मे ये भी भूल चुका था कि मुझे चौहान ने किस मक़सद से यहाँ भेजा था. ना तो मेरे दिमाग़ मे जास्मिन थी ना ही हीना और नाही सलमा थी यहाँ तक की मुझे बेटा मानने वाले बाबा को भी मैं भूल गया. ऐसे ही मुझे काम करते हुए १ महीना हो गया था.

लेकिन महीने के आखरी दिन जब तमाम लोग अपने बिजनेस की कमाई मेरे पास लेके आए तो मैने उन सबको उनका हिस्सा वापिस दे दिया और बाकी का तमाम पैसा बाबा की ही तरह सेफ मे रखने चला गया ,जो नीचे बाबा के कमरे के नीचे जाती एक सुरंग मे बना हुआ था. जहाँ सिर्फ़ मैं ही जा सकता था क्योंकि बाबा ने सिर्फ़ मुझे ही वहाँ जाने का रास्ता बताया था. सबसे पहले मैं सारा पैसा लेके बाबा के पास गया और उनको हिसाब दिया.

मैं : बाबा ये तमाम महीने की कलेक्शन है.

बाबा : बेटा ये तो पहले से काफ़ी ज़्यादा लग रही है. तुमने सबको उनका हिस्सा तो दे दिया है ना.

मैं : जी बाबा सबको दे दिया है.

बाबा : ठीक है बेटा... अब मुझे नीचे लेके चलो और एक बार मेरे सामने तुम मुझे सेफ खोल कर दिखा दो तो मुझे भी तसल्ली हो जाएगी.

मैं : जी बाबा.

उसके बाद मैने बाबा को उनकी व्हील चेयर पर बिठाया और उनको नीचे बनी सुरंग मे ले गया और उनको तमाम सेफ खोल कर दिखा दिए. जिसे देखकर वो बहुत खुश हुए. बाबा तमाम सेफ के बारे मे मुझे साथ-साथ बताते भी जा रहे थे कि कहाँ कौनसी चीज़ पड़ी है. तभी एक छोटे से लॉकर पर मेरी नज़र गई.

मैं : बाबा उसमे क्या है.(छोटे लॉकर की तरफ इशारा करते हुए)

बाबा : बेटा उसमे हमारे बिजनेस की ही फाइल्स है. जिसमे हमारे तमाम दुश्मनो के नाम हैं .साथ ही कुछ फाइल्स ऐसी है जिसमे हमारे पुलिस मे कौन-कौन से लोग काम करते हैं उनके नाम हैं और बाकी कुछ हमारे विदेशो मे जो लोग कॉर्टेक्ट्स है उनकी डीटेल्स हैं.

मैं : तो बाबा अपने वो फाइल मुझे पहले क्यो नही दी दुश्मनो का भी इलाज कर देते.

बाबा : नही बेटा अभी वो लोग अंडरग्राउंड है तो रहने दो.तुम अपने काम पर ध्यान दो. जब वो लोग अपनी टाँग अड़ाएँगे तो उनको रास्ते से हटा देना.

मैं : जी बाबा जैसा आप कहे.... बाबा आपको ऐतराज़ ना हो तो क्या मैं वो लॉकर भी खोल कर देख लूँ. (छोटे लॉकर की तरफ इशारा करते हुए)

मैं कुर्सी से बँधा हुआ ही खड़ा हो गया और पांडु को बालो से पकड़ कर उसका सिर कुर्सी पर ज़ोर से मारा जिससे कुर्सी बैठने वाली जगह से टूट गई और पांडु ज़मीन पर अपना सिर पकड़ कर गिर गया. अब सिर्फ़ कुर्सी की आगे वाली टांगे ही मेरी टाँगो से बँधी हुई थी. इतने मे वहाँ बैठे सब लोग खड़े हो गये और मुझे पकड़ने के लिए मेरी तरफ लपके जिनमे से एक को मैने गर्दन से पकड़ कर दूसरे के सिर मे पकड़े हुए आदमी का सिर मारा वो दोनो वही गिर गये. तभी एक आदमी छलाँग लगाके मेरे उपर गिर गया जिससे मैं खुद को संभाल नही सका और मैं भी ज़मीन पर उसके साथ ही गिर गया. मैने जल्दी से उसका एक बाजू पकड़ा और अपनी टाँग के नीचे से निकाल कर टाँग को मोड़ दिया जिससे उसकी गर्दन मेरे घुटने पर आ गई मेरे पैर के साथ कुर्सी की टाँग बँधे होने की वजह से मैं टाँग को मोड़ नही सकता था.इसलिए मैने उसकी गर्दन को अपनी सीधी हुई टाँग पर ही दबा दिया और गर्दन के पिछे की तरफ अपने हाथ का ज़ोर से वार किया जिससे उसकी गर्दन टूट गई और उसके मुँह से खून निकलने लगा. इतनी देर मे बाकी बचे २ लोगो ने मेरे सिर मे शराब की बोतल फोड़नी शुरू करदी जिससे मेरे सिर मे से भी खून आने लगा.

उनमे से एक आदमी का मैने हाथ पकड़ा और नीचे की तरफ खींच लिया जिससे वो आदमी मेरे उपर ही गिर गया. मैने शराब की टूटी हुई बोतल उसके हाथ से छीन ली और उसके गले मे टूटे हुए हिस्से से वार किया जिससे उसकी गर्दन मे काँच धँसते चले गये और उसमे से पानी की तरह खून निकलने लगा जबकि दूसरा आदमी दरवाज़े की तरफ भागा. मैने हाथ मे पकड़ी बोतल हवा मे उछाल कर उसके सिर मे मारी जिससे बोतल फुट गई और वो दरवाज़े मे जाके लगा. मैने बेड का सहारा लेके खुद को खड़ा किया और जल्दी से अपनी टाँग से बँधी कुर्सी की टाँग की रस्सी को खोल दिया. अब मैने वही कुर्सी की टाँग उठाई और उसके सिर मे मारी जिससे कुर्सी की टाँग टूट गई और उसके सिर से भी खून निकलने लगा. वो आदमी ज़मीन पर गिर गया और मुझसे रहम की भीख माँगने लगा मैने टूटी हुई कुर्सी का टुकड़ा उठाया और उसके मुँह मे डाल कर ज़ोर से पैर को कुर्सी के बाहर निकले हिस्से पर दबा दिया जिससे कुर्सी का नीचे वाला हिस्सा जो उसके मुँह मे घुसा हुआ हलक तक को चीर गया और वो वही तड़प-तड़प के मर गया. अब मैने जल्दी से दूसरी टाँग पर बँधी कुर्सी भी खोली और कमरे मे बने बाथरूम मे चला गया खुद के चेहरे पर लगे ज़ख़्म को देखने लगा.फिर मैने अपने सिर को पानी से धोया और चेहरे पर लगा खून साफ किया. उसके बाद मैं जल्दी से बाहर आया और पुलिस वाली वर्दी उतार कर उन मरे हुए लोगो का कोट-पेंट पहन लिया क्योंकि लड़ाई के दोरान उन लोगो का काफ़ी खून वर्दी पर लग गया था. मैं हवेली के इस वक़्त आखरी हिस्से मे खड़ा था. जहाँ से हीना का कमरा काफ़ी दूर था. इसलिए मैं बाल्कनी के रास्ते से पाइप पर लटक कर हीना के कमरे की तरफ चला गया. जहाँ पहले से काफ़ी लड़कियाँ मोजूद थी और हीना को तैयार कर रही थी.

अब मैं हीना के कमरे मे भी नही जा सकता था इसलिए पाइप के सहारे ही लटकता हुआ आगे की तरफ बढ़ने लगा. जहाँ नीचे मुझे हॉल और स्टेज नज़र आया जहाँ पर चौहान बैठा था. उँचाई काफ़ी ज़्यादा थी इसलिए मैं सीधा नीचे छलाँग नही लगा सकता था. इसलिए मैं इधर उधर कोई रस्सी देखने लगा.जिससे लटक कर मैं नीचे तक जा सकूँ क्योंकि अब मुझे सिर्फ़ चौहान को ही मारना था. तभी मुझे सामने एक झुम्मर लटका हुआ नज़र आया मुझे बस वहाँ

तक किसी भी तरह से पहुँचना था. क्योंकि वहाँ से स्टेज की उँचाई काफ़ी कम थी और मैं आसानी से छलाँग भी लगा सकता था. मैने इधर उधर देखा और पाइप के सहारे हवेली की छत की तरफ बढ़ने लगा जिससे लटक कर मैं उपर की एक बाल्कनी मे पहुँच गया. बाल्कनी से झूमर पर छलाँग लगाना आसान था इसलिए मैं बाल्कनी की रेलिंग पर पैर रख के खड़ा हो गया और नीचे झूमर के उपर छलाँग लगा दी. झूमर ज़ंजीरो से बँधा हुआ था.इसलिए उसने मेरा वजन तो उठा लिया लेकिन मेरे गिरने से बहुत ज़ोर की आवाज़ हुई और काफ़ी बल्ब भी टूट गये जिससे सबका ध्यान उपर की तरफ चला गया.

सरपंच : ओये कौन है उपर....

झूमर से नीचे की दूरी काफ़ी कम थी इसलिए मैने बिना कोई जवाब दिए नीचे स्टेज पर छलाँग लगा दी और मैं सीधा चौहान के उपर आके गिर गया जिससे उसकी कुर्सी टूट गई और चौहान को काफ़ी चोट आई मैने जल्दी से अपने दाए पैर को उपर उठाया और उसमे फँसी एक पिस्टल निकाल कर चौहान के सिर पर रख दी.

मैं : मादर जात मैने कहा था ना आज तू निकाह नही जहन्नुम क़बूल करेगा.

चौहान : गन नीचे कर ले उस्मान नही तो मेरे लोग यहाँ खड़े तमाम लोगो को मार डालेंगे.

मैं : अगर तेरे एक आदमी की भी गोली चली तो तेरा भेजा यही बाहर निकाल दूँगा. इसलिए अपने कुत्तो से बोल बंदूक नीचे रख दें. नही तो तेरा पोस्टमॉर्टम मैं यही खड़े-खड़े कर दूँगा.

चौहान : (अपने लोगो को गन नीचे करने का इशारा करते हुए) नीचे करो...

मैं : ये हुई ना बात ! चल अब शराफ़त से मुझे बाहर लेके चल. तुझे तो मैं अपने गाँव लेके जाऊंगा. जहाँ सब तेरा सीक कबाब बनाएँगे साले...

तभी पांडु हीना के सिर पर बंदूक लगाए सीढ़ियो से उतरता हुआ नज़र आया.

पांडु : इतनी जल्दी भी क्या है उस्मान... गन नीचे कर नही तो तेरी डार्लिंग तो गई.

सरपंच : ये क्या बदतमीज़ी है चौहान साहब .अपने आदमी से कहो छोड़ दे मेरी बेटी को नही तो अच्छा नही होगा.

चौहान : वाह पांडु वाह... चुप कर बूढ़े... साले तेरी बेटी के चक्कर मे हम अपनी क़ुर्बानी तो नही दे सकते ना....

हीना : (चलते हुए स्टेज के पास आते हुए) सुन लिया अब्बू.... यही वो लड़का था ना जो

आपने मेरे लिए चुना था.

सरपंच : मुझे माफ़ कर दे बेटी...

पांडु : ओये तुम बाप-बेटी अपना ड्रामा बंद करो... उस्मान तुमने सुना नही मैने क्या बोला.घोड़ा नीचे कर नही तो मैं इस लड़की को गोली मार दूँगा.

सरपंच ये सब देख नही सका और जल्दी से पांडु से पिस्टल छीन ने लगा. तभी चौहान ने अपनी जेब से पिस्टल निकाल कर सरपंच को ३ गोली मार दी जिससे सरपंच वही ज़मीन पर गिर ढेर हो गया.

चौहान : उस्मान अपनी पिस्टल नीचे कर , नही तो अगली गोली हीना पर चलेगी.

मैं अब मजबूर था इसलिए चाह कर भी चौहान पर गोली नही चला सकता था. इसलिए अपनी पिस्टल चौहान को दे दी.

हीना : (रोते हुए) नही सुजल ऐसा मत करो ! मार दो इस कुत्ते को इसने मेरे अब्बू को मारा है.

चौहान ने मुझसे पिस्टल ले ली और एक ज़ोरदार तमाचा मेरे मुँह पर मारा .तभी चौहान के कुछ आदमियो ने मुझे पिछे से आके पकड़ लिया और एक रस्सी से दुबारा मेरे हाथ बाँध दिए. चौहान ने अपनी पिस्टल वापिस अपनी जेब मे डाली और क़ाज़ी को आवाज़ लगाई.

चौहान : क़ाज़ी साहब ! कहाँ हो ? जल्दी करो निकाह नही करवाना क्या हमारा.

क़ाज़ी : मैं लड़की की मर्ज़ी के खिलाफ उसकी शादी नही करवा सकता.ये गुनाह है.

चौहान : गुनाह किस बात का क़ाज़ी साहब आप देखना ये लड़की आपके सामने मुझे क़बूल करेगी.नही तो मैं इसके आशिक़ को गोली मार दूँगा.

हीना : (रोते हुए) नही... सुजल को कुछ मत करना तुम जो बोलोगे मैं वो करूँगी.

चौहान : देखा क़ाज़ी साहब मैं ना कहता था... चलिए निकाह की तैयारी कीजिए .अभी और भी बहुत से काम ख़तम करने हैं.

तभी पिछे से अँधा-धुन्ध गोलियाँ चलने की आवाज़ आने लगी और एक-एक करके चौहान के सब आदमियो पर गोलियाँ चलने लगी. मुझे ये समझते एक पल भी नही लगा कि मेरा यार लाला आ गया है और मेरे आदमियो ने पूरी हवेली को चारो तरफ से घेर लिया है.अब हवेली

के चप्पे-चप्पे पर मेरे आदमी बंदूक लिए खड़े थे और सारी बाज़ी ही पलट गई थी.

लाला : (ताली बजाते हुए) क्या बात है भाई ! यहाँ तो पूरी महफ़िल लगी है. लगता है मैं वक़्त पर ही आ गया... मैने कहा चौहान साहब सलाम क़बूल कीजिए लाला का... अगर आप नही चाहते कि मैं आपकी नितंब पर लात मारूं तो अपने आदमियो को प्यार से बोलो कि मेरे भाई और भाभी को शराफ़त से खोल दे नही तो ये आपकी सेहत के लिए अच्छा नही होगा.... (मुस्कुराते हुए)

मैं : (मुस्कुराते हुए) कहाँ मर गया था साले ५ मिनिट और नही आता तो हमारी लाशे मिलनी थी तुझे साला कोई काम का नही है तू.....

लाला : (स्टेज पर चढ़ते हुए) ओये क्या आदमी है साला अहसान तो मानता ही नही किसी का... अब फँस गया तो सारा बिल मेरे नाम पर फाड़ रहा है... मैने नही बोला था कि कुछ देर रुक जा. मैं आ जाऊ फिर साथ मे मिलकर इस कुत्ते की नितंब मारेंगे तब तो बड़ा चौड़ा होके अकेला ही भिड़ गया था सबके साथ.

मैं : अच्छा ठीक है ! अब नाटक मत ठोक और आके मेरे हाथ खोल.

लाला : (अदब से मेरे सामने झुकते हुए) जो हुकुम मेरे आका...

उसके बाद लाला ने पहले चौहान को एक ज़ोरदार तमाचा मारा और फिर मेरी रस्सी भी खोल दी. हीना जल्दी से भाग कर मेरे पास आई और मेरे गले से लग कर रोने लगी.

लाला : (मुस्कुराते हुए हीना को देख कर) मैने कहा सलाम क़बूल करो अपने देवर का होने वाली भाभी जी.

हीना : (मुझे गले से लगाए हुए लाला को देखने लगी) सुजल ये कौन है.

मैं : (मुस्कुरा कर) मेरा बचपन का दोस्त है.

लाला : चलो चौहान साहब मरने के लिए रेडी हो जाओ और हमने तो अपने ग़रीब खाने मे काफ़ी इंतज़ाम किया था लेकिन उस्मान भाई का हुकुम है कि आपको ठोकना है... ये लैला मजनू को लगे रहने दो आप फिलहाल मेरे साथ ही काम चलाओ.अभी तो सिर्फ़ मैं ही आपकी मारूँगा. (चौहान की नितंब पर लात मारते हुए) चल भोसड़ी के देखता क्या है... उस्मान को भाभी से फ्री होने दे तेरी तो यही मारेगा... बोल भाई उस्मान इसका क्या करना है.... ठोक दूं क्या...

मैं : नही... इसको गाड़ी मे डाल और लेके चल अपने ठिकाने पर.मेरा मूड बदल गया है.अब इसको मारेंगे नही बल्कि इसकी मारेंगे (आँख मारते हुए) और फिर अभी तो इससे छोटे के भी

बहुत से राज़ उगलवाने हैं.

लाला : (पलट ते हुए) मुझे आज तू कुछ बदला-बदला सा लग रहा है यार...

मैं : (मुस्कुराते हुए) साले मुझे सब कुछ याद आ गया है...

लाला : (हवा मे फायर करते हुए) ओये यारा खुश कर दिया.... ब्बबुऊउर्र्राहह... चल तू भाभी को लेके बाहर आजा फिर देखते हैं क्या करना है.

मैं : तुम लोग चलो मैं अपनी गाड़ी मे ही आऊंगा.

लाला : ओये मैं बाहर से ही आया हूँ ! वहाँ तेरी गाड़ी नही खड़ी.

मैं : यार मेरी गाड़ी हवेली के पिछे खड़ी है और साथ मे मेरे कुछ और लोग भी हैं जिनको साथ ही लेके जाना है.

लाला : अच्छा तो तू चल मैं ज़रा अपने हाथ की खुजली ख़तम कर लून.... (अपना हाथ खुजाते हुए)

मैं : ठीक है लेकिन साले ज़्यादा मत मारना ये अपने जैसा नही है... ज़रा करारे ४ हाथ पड़ गये तो मर ही ना जाए....

लाला : (चौहान के मुँह पर मुक्का मारते हुए) तू जा यार मुझे डिस्टर्ब मत कर. अभी मैं बिजी हूँ देखता नही इतने दिन बाद तो किसी को तसल्ली से धोने का मोक़ा मिला है...

मैं : अच्छा ठीक है लेकिन ५ मिनिट मे बाहर आ जाना इसको लेकर ज़्यादा देर नही करना.

लाला : (चौहान के पेट मे लात मारते हुए) तू जा ना यार मैं आ जाऊंगा. इसके लिए तो ५ मिनिट भी बहुत है उसमे ही इसकी फॅट के हाथ मे आ जाएगी... (ज़ोर से हँसते हुए)

हीना अपने अब्बू को गले लगा कर काफ़ी देर रोती रही फिर जब मैने उसके पास जाके उसके आगे हाथ बढ़ाया तो वो बिन कुछ बोले मेरा हाथ पकड़कर खड़ी हो गई. मैने सबसे पहले हीना के आँसू साफ किए उसके बाद मैं और हीना जल्दी से हवेली से बाहर निकले और हवेली के पिछे की तरफ चले गये जहाँ पर मैने अपनी गाड़ी खड़ी की थी .गाड़ी के पास ही मुझे जास्मिन बैठी हुई नज़र आई जो बार-बार इधर उधर देख रही थी उसके चेहरे से मेरे लिए फिकर दूर से ही दिखाई दे रही थी. मुझे और हीना को दूर से आता हुआ देखकर जैसे उसका चेहरा खुशी से खिल गया वो तेज़ कदमों के साथ सुजल को गोद मे उठाए हमारी तरफ बढ़ने लगी और आते ही मुझे गले से लगा लिया और खुशी से मुस्कुराने लगी.

जास्मिन : कितनी देर कर दी आने मे. मैं तो बहुत डर गई थी... तुम ठीक तो हो ना....

मैं : कैसा लगता हूँ...

जास्मिन : ये सिर मे चोट कैसे लगी...

मैं : वो सब जाने दो. ये थोड़ा बहुत तो चलता रहता है. अब तुम जल्दी से गाड़ी मे बैठो हम को हमारे नये घर जाना है.

जास्मिन : (खुश होके हाँ मे सिर हिलाते हुए) हमम्म चलो...

हीना : लाओ छोटा सुजल मुझे दे दो और तुम आगे बड़े वाले सुजल के साथ बैठ जाओ.

उसके बाद मैं और जास्मिन आगे बैठ गये और सुजल को हीना ने पकड़ लिया और वो खुद ही पिछे बैठ गई. मैने जल्दी से गाड़ी स्टार्ट की और उसको हवेली के अगली तरफ ले आया और हवेली के बड़े गेट के सामने रोक दिया जहाँ मेरे साथियो की गाडियो का क़ाफ़िला पहले से मोजूद था. उसके बाद मैने अपने आदमियो से चलने का इशारा किया और वो लोग मेरा इशारा पाते ही अंदर गये और लाला और चौहान को ले आए. लाला ने कुछ ही देर मे चौहान की बहुत बुरी हालत कर दी थी. चौहान के चेहरे से और सिर से पानी की तरफ खून टपक रहा था और कुछ आदमी उसको ज़मीन पर घसीटकर ला रहे थे.

मैं : ओये साले मार तो नही दिया उसको.

लाला : (अपना हाथ रुमाल से साफ करते हुए) नही भाई ज़िंदा है कुत्ता... इसको तो अड्डे पर ले-जाकर तसल्ली से सब भाई मिल कर मारेंगे.

मैं : चल गाड़ी मे बैठ चलने का वक़्त हो गया है.

लाला : (मुझे सल्यूट करते हुए) ओके बॉस...

उसके बाद हम सब गाड़ी मे बैठे और अपने गाँव, अपने घर की तरफ गाडियो के क़ाफ़िले को बढ़ा दिया. हीना मुझे कुछ उदास लग रही थी लेकिन जास्मिन बहुत खुश थी और अपने नये घर का सुनकर बहुत ज़्यादा उतावली थी.

मेरी गाड़ी सबसे आगे थी और बाकी गाड़ियाँ मेरी गाड़ी के पिछे चल रही थी और कुछ फ़ासले पर थी कुछ ही देर मे हम अपनी गाँव की सरहद से काफ़ी दूर निकल आए थे. हम को गाँव से निकले अब काफ़ी वक़्त हो गया था.लेकिन हीना मुझे अब भी उदास लग रही थी.इसलिए मैने इशारे से अपने साथ बैठी जास्मिन को अपने पास किया और उसको पिछे जाने का इशारा

किया,ताकि दोनो बातें कर सके और हीना का भी मन बहल जाए. जास्मिन चलती हुई गाड़ी मे ही सीट को नीचे करके पिछे चली गई और हीना के साथ बैठ गई और कुछ ही देर मे दोनो की बाते शुरू हो गई और अब हीना भी पहले से काफ़ी बेहतर नज़र आ रही थी. मेरी तरक़ीब ने अपना काम दिखा दिया था क्योंकि २ औरते एक साथ चुप तो कभी बैठ ही नही सकती .इसलिए बात होना लाज़मी था इसी तरह हीना का मूड भी अब अच्छा हो गया था. ऐसे ही गुज़रते वक़्त के साथ हम अपनी रफ़्तार से मंज़िल को बढ़ रहे थे कि अचानक मुझे सामने एक चेक पोस्ट नज़र आई. हम वो क्रॉस करके नही जा सकते थे क्योंकि हम सब के पास काफ़ी असला था और चौहान के साथ होने की वजह से हमारे पकड़े जाने का भी डर था

इसलिए मैने जल्दी से अपनी जेब से अपना फोन निकाला और लाला को फोन करके अपनी गाड़ी के पिछे आने का हुकुम दिया और अपनी गाड़ी को एक जंगल की तरफ घुमा दिया.मेरे पिछे-पिछे ही बाकी गाडिया भी जंगल मे घुस गई. कुछ दूर जाके मैने गाड़ी को रोक दिया क्योंकि मुझे आगे किस तरफ जाना है ये समझ मे नही आ रहा था. इसलिए मैने गाड़ी से बाहर निकल कर लाला की गाड़ी को भी रुकने का इशारा किया मेरे नज़दीक आके उसकी गाड़ी भी रुक गई और लाला गाड़ी से बाहर आ गया.

लाला : हाँ भाई यहाँ बीच जंगल मे कहाँ ले आया ! अब आगे कहाँ जाना है.

मैं : आगे चेक पोस्ट थी इसलिए मैने गाड़ी को जंगल मे घुमा लिया लेकिन अब आगे किस तरफ जाना है. ये मुझे भी समझ नही आ रहा शायद हम भटक गये हैं.

लाला : लो जी कर लो बात... अब बीच जंगल मे क्या करेंगे. दिन भी ढलने वाला है ऐसा करते हैं. वापिस चलते हैं वहाँ से हाइवे पर हो जाएँगे.

मैयाँ : पागल हो गया है क्या... आगे चेक पोस्ट थी इसलिए तो मैने गाड़ी जंगल मे घुसा दी थी और तू फिर से वही जाने की बात कर रहा है. अब तक ये कुत्ते (चौहान) के चमचे भी इसको ढूँढने निकल पड़े होंगे.

लाला : फिर क्या है ? साला डरता कौन है अपने पास हथियार की कमी है. क्या साला जो भी आएगा मार कर निकल जाएँगे और क्या चल भाई वापिस ही चलते हैं.

अभी हम दोनो बात ही कर रहे थे की अचानक चौहान गाड़ी से मुँह बाहर निकाल कर चिल्लाया...

चौहान : कमीनो तुम यहाँ से ज़िंदा नही जा सकते. तुमने मुझे अगवा करके अपनी मौत को दावत दी है. अभी तुम मुझे जानते नही हो.

लाला : (गुस्से मे) अर्रे भाई तू तो भाभी के साथ मज़े से बैठ गया और ये हरामी को मेरे साथ डाल दिया .साला भेजा खा गया मेरा कितना बोलता है ये.... (अपने आदमियो से) यार कोई

गंदा कपड़ा ढुंढ़ो इसका मुँह बाँधने को...

मुन्ना (हमारा आदमी) : भाई एक ही पट्टी थी. वो भी ये साला कुत्ता काट गया और पट्टी फॅट गई.

लाला : (कुछ सोचते हुए और हँस कर) इसका इलाज तो मैं करता हूँ...

मैं : (सवालिया नज़रों से लाला को देखते हुए) ओये मार मत देना ये ज़िंदा चाहिए मुझे समझा.अभी इससे बहुत कुछ उगलवाना है.

लाला : भाई फिकर मत कर मार कौन रहा है मेरा तो कुछ और ही मूड है (आँख मारते हुए).

मैं : क्या करने जा रहा है तू...

लाला : (हँसते हुए) तू बस भाभी को गाड़ी से बाहर मत आने देना इसकी ऐसी-तैसी तो मैं करता हूँ साला मुँह खोलने के लायक नही रहेगा....

इतना कह कर वो अपना जूता उतारने लगा और फिर अपनी ज़ुराब भी उतार ली और फिर से जूता पहन लिया और अपनी गंदी बद-बू-दार ज़ुराब उठा कर एक झाड़ी के पिछे चला गया.मैने भी जास्मिन और हीना को गाड़ी से बाहर निकलने से मना कर दिया. कुछ देर बाद लाला जब हँसता हुआ वापिस आया तो उसकी ज़ुराब गीली थी और उससे पानी टपक रहा था.

मैं : (हँसते हुए) ये क्या है कमीने...

लाला : (हँसते हुए) इस कुत्ते का मुँह बंद करने का इलाज... चल भाई मुँह खोल इसका... लगे हाथ दोनो काम हो गये साला मेरा भी काफ़ी देर से प्रेशर बना हुआ था. साला पेट भी खाली हो गया और इसका भी इलाज हो गया.

लाला के साथ बैठे आदमियो ने चौहान का मुँह पकड़ लिया और ज़बरदस्ती पेशाब से गीली की हुई ज़ुराब चौहान के मुँह मे डाल दी और उसी फटी हुई पट्टी को दुबारा उसके मुँह पर बाँध दिया.वो किसी बिन पानी की मछली की तरफ छट-पटा रहा था और अपनी गर्दन को हवा मे इधर उधर कर रहा था. सब ये देख कर ज़ोर-ज़ोर से हँस रहे थे और हीना और जास्मिन जो कि अब भी गाड़ी मे बैठी थी वो मुझे सवालिया नज़रों से देख रही थी.

हीना : क्या हुआ सब हँस क्यो रहे हैं.

मैं : (हँसते हुए) कुछ नही तुम्हारे काम की बात नही है.... यार हम रास्ता भटक गये हैं. आगे किस तरफ जाना है समझ नही आ रहा. तुमको यहाँ से आगे जाने का रास्ता पता है क्या.

जास्मिन : (बीच मे बोलते हुए) मुझे पता है किस तरफ जाना है. मैं बचपन मे स्कूल इसी रास्ते से जाया करती थी.

मैं : तो पहले बताया क्यो नही कितनी देर से हम बेकार मे भटक रहे हैं.

जास्मिन : (मुँह बनाते हुए) तुमने पूछा ही नही...

मैं : क्या तुम भी कमाल हो... (अपने सारे आदमियो से) चलो ओये गाड़ी मे बैठो सारे रास्ते का पता लग गया है.

उसके बाद सब आदमी वापिस गाडियो मे बैठ गये और चौहान को भी वापिस गाड़ी मे डाल लिया और हम सब जास्मिन के बताए रास्ते पर आगे बढ़ने लगे और कुछ ही देर मे हम हाइवे पर आ गये अभी हमें कुछ ही देर हुई थी कि मेरा फोन बजने लगा. मैने जेब से फोन निकाला तो स्क्रीन पर शहनाज लिखा आ रहा था. मुझे समझ मे नही आ रहा था कि जास्मिन और हीना के सामने शहनाज से बात कैसे करूँ लेकिन फोन उठाना भी ज़रूरी था .इसलिए कुछ सोचकर मैने फोन उठा लिया.

मैं : हंजी सरकार हुकुम कीजिए...

शहनाज : कहाँ हो तुम... मुझे फोन क्यो नही किया... मैने कहा था ना पहुँच कर मुझे फोन कर देना... जानते हो कितनी फिकर हो गई थी तुम्हारी....

मैं : बस... बस... बस... साँस तो लेलो... एक ही साँस मे सब कुछ पूछ लिया... यार मुझे बोलने का मोक़ा तो दो...

शहनाज : ठीक है बोलो... फोन क्यो नही किया और वापिस कब आ रहे हो.

मैं : मैं कल सुबह तक वापिस आ जाऊंगा और जिस काम के लिए गया था वो पूरा हो गया है...

शहनाज : सच्ची.... कमाल है ! इतनी जल्दी वापिस आ रहे हो...

मैं : तुम कहो तो ४-५ दिन और रुक जाता हूँ.

शहनाज : नही... मेरे कहने का वो मतलब नही था....

मैं : अच्छा एक काम की बात सुनो...

शहनाज : हम्म.... बोलो...

मैं : मेरे साथ कुछ मेहमान भी आ रहे हैं. जो हमारे घर मे ही रहेंगे हमारे साथ...

शहनाज : मेहमान है तो उनको हवेली मे रखो ना घर लाने की क्या ज़रूरत है.

मैं : अर्रे यार वो काम वाले मेहमान नही है, मेरे मेहमान है और बहुत ख़ास है. अब से वो भी हमारे साथ ही रहेंगे तो तुम उन लोगो के रहने का इंतज़ाम कर देना ठीक है...

शहनाज : हम्म ठीक है ! लेकिन तुमने ये तो बताया ही नही कितने लोग हैं.

मैं : (हँसते हुए) २ औरत है और एक छोटा सा शेर भी है उनके साथ.

शहनाज : औरत कौन है...

मैं : वो में तुमको आके सब बताऊंगा. बस अभी जितना कह रहा हूँ उतना कर लो.

शहनाज : अच्छा... जल्दी आ जाना मैं इंतज़ार करूँगी...

मैं : हमम्म चलो अब फोन रख दो मैं गाड़ी चला रहा हूँ...

शहनाज : उउउहहुउ.... कितनी बार कहा है गाड़ी चलाते हुए बात ना किया करो....

मैं : तुम्हारा भी पता नही चलता फोन उठा लो तो मुसीबत ना उठाओ तो मुसीबत...

शहनाज : अच्छा ! अब फोन बंद करो और ध्यान से गाड़ी चलाओ.

उसके बाद मैने फोन रख दिया अब मुझे एक नयी फिकर होने लगी थी कि मैं घर जाके शहनाज को इन दोनो के बारे मे क्या बताऊंगा.इसलिए आगे के बारे मे सोचने लगा और चुप-चाप गाड़ी चलाने लगा. कुछ देर बाद हम एक ढाबे पर रुके जहाँ हम सब ने मिलकर खाना खाया. खाना खाते हुए कुछ लोग हमें अज़ीब नज़रों से घूर-घूर कर देख रहे थे लेकिन मैने नज़र अंदाज़ कर दिया और खाने पर ध्यान देने लगा क्योंकि उस वक़्त हम सब को बहुत ज़ोर की भूख लगी हुई थी. खाना खाने के बाद हम सब वापिस अपनी गाडियो मे बैठ कर अपनी मंज़िल की तरफ बढ़ने लगे. कुछ दूर जाने के बाद मुझे लाला का फोन आया कि पुलिस की कुछ गाड़ियाँ हमारी गाडियो के पिछे आ रही हैं. ये सुनकर मुझे समझ आ गया कि ढाबे पर वो कौन लोग थे जो हम को घूर-घूर कर देख रहे थे. इसलिए मैने सबको बिना कोई खून-खराब किए वहाँ से शांति से चलने का हुकुम दे दिया क्योंकि अब रात के वक़्त मैं एक और खून-ख़राबा नही चाहता था. इसलिए मैने सबको गोली चलाने से मना कर दिया. लेकिन वो पुलिस

की गाड़ियाँ लगातार अपना साइरन बजाते हुए हमारी गाडियो के पिछे आ रही थी और हम को रुकने के लिए कह रही थी. कुछ देर बाद हमारी सबसे पिछे वाली गाड़ी पर फायर होने शुरू हो गये.

अब हम लोग कुछ नही कर सकते थे. ना चाहते हुए भी हम को जवाब मे गोली चलानी ही थी. इसलिए अब चलती गाडियो मे ही दोनो तरफ से फायर होना शुरू हो गये मेरी गाड़ी उस वक़्त सबसे आगे थी और मेरे साथ जास्मिन, छोटा सुजल और हीना भी थी. इसलिए मैं सिर्फ़ गाड़ी चलाने पर ही ध्यान देने लगा. कुछ देर बाद एक पुलिस की जीप पिछे की तमाम गाडियो को ओवर टेक करती हुई एक दम मेरे बराबर मे आ गई और लगातार मेरी कार पर गोलियाँ चलाने लगी. मैने जल्दी से हीना और जास्मिन को नीचे झुका दिया ताकि उनको गोली ना लग जाए लेकिन एक गोली मेरे कंधे पर लग गई और गाड़ी का बॅलेन्स बिगड़ने लगा. मैने जल्दी से स्टेरिंग के सामने रखी अपनी रेवोल्वर उठाई और सामने वाली जीप पर जवाबी गोलियाँ चलाने लगा ५ ही फायर मे मेरी रेवोल्वर खाली हो गई थी और अब मेरे पास कारतूस भी नही थे क्योंकि बाकी हथियार और कारतूस कार की दिग्गी मे पड़े थे और कार रोकने का मेरे पास मोक़ा नही था. लेकिन जीप मे से अब भी फाइरिंग जारी थी अब मेरे पास दूसरा कोई असला नही था इसलिए मैने एक रिस्क उठाया मैने अपनी गाड़ी की स्पीड कम की और अपनी गाड़ी को उस जीप के एक दम साथ मे कर लिया और जास्मिन और हीना को झुके रहने का कहकर ज़ोर से अपनी गाड़ी को उस जीप मे धकेल दिया जिससे उनकी जीप का बॅलेन्स बिगड़ गया और वो सामने वाली चट्टान मे जाके टकरा गई और जीप पलट गई. अब मेरा उस जीप से तो पीछा छूट गया था लेकिन मेरे आदमियो की गाडियो के पिछे अब भी काफ़ी पुलिस की जीप लगी हुई थी और दोनो तरफ से फायर हो रहे थे. मेरे कंधे मे भी गोली लग चुकी थी जिस वजह से तेज़ दर्द उठ रहा था और अब मुझसे गाड़ी भी नही चलाई जा रही थी लेकिन फिर भी मैं हिम्मत करके गाड़ी चलाता रहा. मेरी अब हिम्मत जवाब दे रही थी क्योंकि बाजू से काफ़ी खून निकल रहा था इसलिए मैने लाला की गाड़ी को हाथ से इशारा करके मेरी गाड़ी के बराबर आने को कहा कुछ ही सेकेंड्स मे उसकी गाड़ी रफ़्तार पकड़ती हुई एक दम मेरी गाड़ी के साथ आ गई.....

मैं : (चिल्लाते हुए) मेरे कारतूस ख़तम हो गये हैं और मुझे गोली भी लगी है मुझे हथियार वाला बॅग दे लाला....

लाला : (हाथ से इशारा करते हुए) देता.. हु...

हम दोनो ने एक ही वक़्त पर चलती कार का दरवाज़ा खोल दिया और अपनी दोनो गाडियो को बराबर पर लाके मैने एक हाथ से हथियार वाला बॅग अंदर खीच लिया.साथ ही मैने अपने एक आदमी को मेरी गाड़ी मे आने को कहा ताकि वो कार चला सके. हम दोनो की गाडियो की रफ़्तार काफ़ी तेज़ थी इसलिए गाड़ी बराबर आने मे दिक्कत हो रही थी कुछ एफर्ट्स के बाद मैने उस आदमी को अपनी गाड़ी मे खींच लिया. अब वो मेरी जगह गाड़ी चला रहा था और मैं साथ वाली सीट पर बैठा बॅग से हथियार निकाल रहा था बॅग खोलते ही मेरी नज़र बाज़ुक़ा पर पड़ी मैने जल्दी से उसमे बॉम्ब लोड किया और अपनी जेब से फोन निकाला और लाला को फोन किया...

मैं : लाला एक आइडिया आया है. मैं गाड़ी की छत पर जा रहा हूँ जब मैं इशारा करूँगा तब अपने आदमियो को बोलना कि सब अपनी अपनी गाड़ियों को बाई तरफ कर ले और एक दम से अपनी सब गाडियो की रफ़्तार बढ़ा दे...

लाला : ठीक है.... भाई मैं अभी सबको फोन करके कह देता हूँ....

उसके बाद मैने फोन रख दिया और लाला के इशारे का इंतज़ार करने लगा. क्योंकि उसके बाद ही मैं गाड़ी की छत पर जा सकता था. तभी मुझे हीना की आवाज़ आई...

हीना : सुजल तुम ठीक तो हो ना....

मैं : मैं ठीक हूँ ! फिकर मत करो तुम नीचे रहो....

हीना : तुम्हारी बाजू से तो बहुत खून निकल रहा है...

मैं : कोई बात नही अभी सब ठीक हो जाएगा तुम दोनो नीचे रहो बाहर फाइरिंग हो रही है....

तभी मुझे लाला ने गाड़ी से हाथ बाहर निकाल कर अपने हाथ का अंगूठा दिखाते हुए डन का इशारा किया. मैने जल्दी से गाड़ी का दूसरी तरफ का दरवाज़ा खोला और बाज़ुक़ा लेकर गाड़ी की छत पर बैठ गया और बाज़ुक़ा को अपने कंधे पर सेट कर लिया और पुलिस की बीच वाली गाड़ी का निशाना लगाया ताकि धमाके से आगे और पिछे दोनो तरफ की गाड़िया उड़ जाए.लेकिन उससे पहले मुझे मेरे आदमियो को इशारा करना था.इसलिए मैं कुछ सेकेंड्स के लिए अपना बॅलेन्स बनाता हुआ गाड़ी की छत पर सीधा खड़ा हो गया. जिससे मेरे सब आदमियो ने मुझे देख लिया और अपनी सारी गाडियो को एक साथ बाई तरफ कर लिया. मेरे पास यही सही मोक़ा था मेरी इस चाल को कोई भी पुलिस वाला समझ नही पाया और वो एक सीध मे ही गाड़ी चलाते रहे. तभी मैने बाज़ुक़ा का ट्रिग्गर दबा दिया और उनकी बीच वाली जीप पर फायर कर दिया.

मेरा आइडिया कामयाब रहा ३ जीप धमाके से एक साथ उड़ गई और बाकी ७ जीपों ने वही अपनी गाड़ी को रोक लिया. लाला ये देख कर काफ़ी खुश लग रहा था और गाड़ी के शीशे से मुँह बाहर निकाल कर ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहा था और उन पुलिस वालों को गालियाँ निकाल रहा था. मैने एक नज़र मुस्कुरा कर उसको देखा और फिर बाज़ुक़ा गाड़ी के अंदर फैंक कर खुद भी गाड़ी के अंदर जाके बैठ गया. गाड़ी के अंदर आते ही हीना और जास्मिन ने मेरा बाजू पकड़ लिया और देखने लगी...

हीना और जास्मिन : तुम ठीक हो ना...

मैं : मैं एक दम ठीक हूँ तुम दोनो फिकर मत करो ...

हीना : फिकर कैसे नही करे तुमको गोली लगी है देखो कितना खून निकल रहा है

इतना कह कर उसने खून वाली जगह पर अपना हाथ रख दिया ताकि खून रुक सके...

हीना : (ड्राइवर को देखते हुए) अपने आदमी से कहो किसी डॉक्टर के पास लेके चले खून बहुत निकल रहा है.

मैं : बीच हाइवे मे अब मैं डॉक्टर कहाँ से लेके आऊ अब तो शहर जाके ही डॉक्टर मिलेगा और तुम लोग फिकर मत करो यार मैं एक दम ठीक हूँ.

उसके बाद कोई खास बात नही हुई हीना पूरे रास्ते मेरी बाजू पकड़ कर बैठी रही. कुछ ही देर मे शहर आ गया जहाँ लाला गन पॉइंट पर एक डॉक्टर को उठा लाया जिसने मेरी बाजू से गोली निकाली और गाड़ी मे ही मेरी मरहम पट्टी भी करदी. डॉक्टर के दिए हुए पेन किल्लर से दर्द तो कम हुआ ही साथ ही मुझे नींद आने लगी और मैं सो गया.

३४

सुबह जब आँख खुली तो हम अपनी बस्ती के काफ़ी करीब थे.कुछ ही देर हम बस्ती पहुँच गये. जहाँ सलमान हमारे तमाम आदमियो के साथ हमारा इंतज़ार कर रहा था. जैसे ही मेरी गाड़ी रुकी मेरे सब लोग दौड़कर मेरी गाड़ी के पास आ गये और एक आदमी ने जल्दी से मेरी गाड़ी का दरवाज़ा खोला.सामने सलमान अपनी सदा-बाहर मुस्कान के साथ मेरा इंतज़ार कर रहा था. उसने आते ही मुझे गले से लगा लिया. वही पास ही मेरे घर के बाहर शहनाज भी खड़ी थी जो मुझे देख कर मुस्कुरा रही थी.

सलमान : वाह भाई वाह ! मान गये उस्मान... कमाल कर दिया यार तूने....

मैं : मैने क्या किया ....

सलमान : भाई अकेले ही इस कुत्ते को उठा के वहाँ से ले आया! ये क्या छोटी बात है...

लाला : (भाग कर हमारे पास आते हुए) कमीनो मुझे क्यो भूल जाते हो... और ये तुम्हारा शेर वही ढेर हो जाता. अगर मैं वक़्त पर नही आता.... बड़ा आया कमाल करने वाला...

सलमान : अच्छा.... ठीक है यार.... वैसे वो हमारा नया मेहमान है कहाँ.ज़रा दर्शन तो करवाओ.

लाला : होना कहाँ है ? वही गाड़ी मे पड़ा है.

मैं : सलमान तू ज़रा इस चौहान के बच्चे को देख. मैं ज़रा शहनाज से मिलकर आता हूँ.

सलमान : ठीक है भाई...

उसके बाद मैने अपनी गाड़ी का पिछे का दरवाज़ा खोला और जास्मिन, सुजल और हीना को लेकर अपने घर की तरफ बढ़ने लगा. जास्मिन और हीना दोनो बड़े गौर से चारो तरफ के माहौल और लोगो को देख रही थी.

जास्मिन : हम लोग यही रहेंगे क्या...

मैं : हमम्म क्यो जगह पसंद नही आई क्या...

जास्मिन : नही वो बात नही है. लेकिन यहाँ पर बहुत सारे लोग हैं, तो इन सबके सामने अजीब सा लगता है. अपने गाँव मे तो हम चन्द ही लोग रहते थे ना.

मैं : (मुस्कुराते हुए) यहाँ के लोग भी बहुत अच्छे हैं और तुम्हारा ख़याल रखेंगे. तुम जैसे चाहो यहाँ रह सकती हो. तुम यहाँ एक दम महफूज़ हो.

हीना : यहाँ पर सब लोग तुमको उस्मान कह कर क्यों बुला रहे हैं.

मैं : क्योंकि मेरा असल नाम उस्मान ही है.सुजल नही भूल गई मैने तुम्हे बताया तो था.

ऐसे ही बाते करते हुए हम सब मेरे घर के सामने पहुँच गये, जहाँ शहनाज गेट के सामने खड़ी हमारा इंतज़ार कर रही थी. शहनाज को देखते ही मैं उसको साइड पर ले गया. जहाँ मैने उसको दोनो की सारी कहानी बता दी. इसलिए शहनाज ने बहुत अच्छे से उनका स्वागत किया और उनको घर के अंदर ले गई. मैं उन तीनो के साथ बैठा था लेकिन मुझे उस वक़्त बहुत अजीब सा महसूस हो रहा था और मैं एक अजीब सी दिमागी जंग से गुज़र रहा था. समझ नही आ रहा था कि इन तीनो को एक साथ यहाँ कैसे रखूं. अगर तीनो मे से किसी ने भी पूछ लिया कि बाकी २ से तुम्हारा क्या रिश्ता है. तो मैं क्या जवाब दूँगा. ऐसे ही कई सवाल अब घर आके एक दम से मेरे दिमाग़ मे चलने लगे थे. अभी तो हम सब साथ मे बैठे थे लेकिन बोलने की हिम्मत कोई भी नही कर पा रहा था. हीना और जास्मिन नये माहौल और गुज़रे हुए वक़्त की वजह से चुप थी.शहनाज उन दोनो के साथ मेरे रिश्ते को शायद समझ नही पा रही थी.इसलिए चुप थी और मैं इन तीनो मे फँस गया था क्योंकि तीनो ही मुझे प्यार करती थी और मैं किसी का भी दिल नही तोड़ना चाहता था.

एक तरफ हीना और जास्मिन थी, जो मुझ पर भरोसा करके सिर्फ़ मेरे लिए यहाँ तक आ गई थी.दूसरी तरफ शहनाज थी जो हमेशा से ही मेरे साथ थी और हमेशा मुझे खुश रखने की कोशिश मे लगी रहती थी. ऐसे ही कई सवाल थे जिनके जवाब हम मे से किसी के पास नही थे. तभी सलमान आ गया और उसने हमारे बीच बनी खामोशी को एक दम से तोड़ दिया.

सलमान : तुम लोग यहाँ बैठे एक दूसरे की शक़ल ही देखते रहोगे या कुछ खाने पीने का भी मूड है... भाई इतने लंबे सफ़र से आए हो पहले कुछ खा लो...

शहनाज : हाँ भाईजान ! मैं खाने पीने का ही इंतज़ाम करने जा रही थी...

सलमान : कोई ज़रूरत नही है ! अली की अम्मी (सलमान की बीवी) ने सब इंतज़ाम कर दिया है.उस्मान ने आने से पहले बता दिया था. इसलिए मैने सब इंतज़ाम करवा दिया है. अब आप सब लोग मेरे घर चलिए और दावत क़बूल फरमाये...

उसके बाद हम सब सलमान के घर चले गये. जहाँ हमेशा की तरफ अली मेरे साथ आके खेलने लगा और छोटे सुजल के आ जाने से वो भी काफ़ी खुश लग रहा था और उसके साथ खेलने मे लग गया. उसके बाद हीना जास्मिन और शहनाज को सलमान की बेगम के पास छोड़ कर मैं और सलमान अपने अड्डे पर चले गये जहाँ चौहान को बाँध रखा था. अड्डे पर सूमा

, गानी और लाला पहले से मोजूद थे जो शायद मेरे आने का ही इंतज़ार कर रहे थे.

मैं: लाला ये सूमा कहाँ है नज़र नही आ रहा.

लाला : (मुस्कुराकर) भाई वो अपने नये मेहमान की खातिर मे लगा हुआ है.

मैं : अब्बे... कमीनो जान से मत मार देना. अभी उससे छोटे ख्वाजा का माल कहाँ रखा हुआ है,उसका भी पता निकलवाना है.

लाला : भाई अपना काम था चौहान को सूमा तक पहुँचाना. मैने अपना काम कर दिया है.अब आगे तू जान, सूमा जाने और तेरा चौहान जाने... मैं तो खाना खाने जा रहा हूँ. (सलमान को देखकर) साला भूख से जान निकल रही है और यहाँ तो किसी कमीने ने खाना तक नही पूछा. खुद तो मज़े से बिर्यानी खा आए हैं.

सलमान : साले तू मेहमान है ! जो तुझे इन्विटेशन कार्ड देके जाऊ... जा घर चल जा और जाके खाना ठूंस ले...

मैं : (हँसते हुए) अच्छा ठीक है ! जा खाना खा ले जाके.तब तक मैं सूमा से मिलकर आता हूँ.

उसके बाद हम उस कमरे मे चले गये जहाँ चौहान और सूमा थे. सूमा, चौहान को बुरी तरह मार रहा था और कमरे के बाहर ही चौहान के चिल्लाने की आवाज़ आ रही थी. हमने जैसे ही कमरे का दरवाज़ा खोला तो देखा चौहान ज़मीन पर गिरा पड़ा था और सूमा उससे बुरी तरह ठोकर से मार रहा था.

मैं: बस... बस... ! बस कर सूमा.वो मर जाएगा।

सूमा : मरता है तो मर जाए साला. लेकिन आज इससे सारे माल का पता निकलवाके रहूँगा. इस हरामी की वजह से सबसे ज़्यादा मेरा नुक़सान हुआ है. इस हरामी के कुत्तो ने मेरे माल पर रेड डाल कर सारा माल पकड़ा था. जानता है बाबा से कितनी बार गाली खाई है मैने इस हरामी की वजह से और इस भोसडीके ने सारा माल अपने बाप छोटे को दे दिया. मादर जात को पैसे ही चाहिए थे तो मेरे पास नही आ सकता था.

उसके बाद हमारे काफ़ी पूछने पर चौहान ने अपना मुँह खोल दिया. उसने छोटा ख्वाजा के सारे अड्डे और गोदाम हम को बता दिए जहाँ वो सारा माल रखता था.इसके अलावा पुलिस डिपार्टमेंट मे चौहान के कितने लोग थे उन सबके बारे मे भी उसने हम को बता दिया.

चौहान की दी हुई इन्फर्मेशन से लाला, गानी और सूमा ने छोटे चौहान का सारा बिजनेस

ख़तम कर दिया और उसके लगभग सब आदमियो को मार दिया था. उसके सारे गोदमो का माल मेरे आदमियो ने लूट लिया और यहाँ ले आए जिससे मार्केट मे हम लोगो की मोनोपली हो गई थी. अब हम हर गैर क़ानूनी चीज़ को अपने प्राइस और अपनी कंडीशन पर बेचने लगे थे. चौहान के डिपार्टमेंट के सब लोगो को हमने अपने पैसे की ताक़त से खरीद लिया और अपनी तरफ कर लिया. अब वो लोग दूसरे डीलर्स के पकड़े हुए ड्रग्स और सारे हथियार हम को सप्लाइ करते थे .उन लोगो के हमारे साथ मिल जाने से माल पकड़े जाने की टेंशन भी ख़तम हो गई थी. चौहान से सारी इन्फर्मेशन निकलवाने के बाद हमने चौहान को भी ख़तम कर दिया.

देखते ही देखते कुछ ही दिन मे हमने मार्केट मे अपनी पहले से भी मज़बूत पोज़ीशन हासिल कर ली थी. अब हमारे विदेशी क्लाइंट्स के पास भी हम से माल खरीदने के अलावा कोई रास्ता नही था. इसलिए उन्होने मुझसे माफी माँग कर फिर से मेरे साथ बिजनेस शुरू कर दिया. इस तरह हमने छोटे ख्वाजा को पूरी तरह बर्बाद कर दिया था. साथ ही जो छोटे-मोटे गॅंग थे वो या तो ख़तम कर दिए थे या अपने साथ मिला लिए थे.

अब सिर्फ़ इंतज़ार था तो छोटे ख्वाजा को ख़तम करने का लेकिन हमारी बढ़ती हुई ताक़त को देखते हुए वो भी अंडर ग्राउंड हो गया था या मुल्क़ से फरार हो गया था. अब उसके पास ना पैसा था. ना ही आदमी थे और ना ही बिजनेस था. बाबा के सिखाए हुए नियम के दम पर हम अब अंडरवर्ल्ड मे सबसे उपर आ गये थे. कुछ ही महीनो की मेहनत के बाद एक दिन हम को छोटा ख्वाजा भी मिल गया जिसे हम सब भाइयो ने मिलकर बड़ी तसल्ली से तडपा-तडपा कर मार दिया.

उसके बाद हमारे सारे दुश्मन ख़तम हो चुके थे अब अंडरवर्ल्ड मे हम ही हम थे. एक साल के अंदर-अंदर मैने बाबा के फ़ैसले को सही साबित करते हुए अपने हर बिजनेस को सौ गुना बढ़ा दिया था. अब हमें पहले जितनी पूरे बिजनेस मे कमाई होती थी उससे ज़्यादा अब हमें एक-एक बिजनेस मे होने लगी थी. वही दूसरी तरफ नाम और बढ़ती हुई शौहरत ने मुझे पूरे मुल्क़ मे मोस्ट-वांटेड क़रार करवा दिया था क्योंकि चौहान की किडन्यापिंग से लेकर मुझ पर कई पोलिसेवालो के मर्डर्स के केस भी चल रहे थे. साथ मनी लौंडरी, हथियारो की और ड्रग्स की तस्करी जैसे मामले भी अब मेरे नाम पर थे. इसलिए अब मेरा इस मुल्क़ मे रहना सेफ नही था लिहाज़ा मुझे सारा बिजनेस सलमान, लाला, गानी और सूमा मे बाँट कर इस मुल्क़ को छोड़ना था.क्योंकि अब अगर कुछ दिन और इस मुल्क़ मे मैं रहता तो पुलिस मुझ तक कभी भी पहुँच सकती थी और उनका मुझे गिरफ्तार करने का मूड तो बिल्कुल भी नही था और इस बार मैं एक और पुलिस एनकाउंटर के लिए मैं राज़ी नही था लिफाज़ा मैने मुल्क़ छोड़ने का फ़ैसला कर लिया.

वही दूसरी तरफ शहनाज, जास्मिन और हीना अकेली हो गई थी.मैं उनके साथ होके भी पूरी तरह उनके साथ नही था. ना तो मैं पूरी तरह से किसी को अपनी कह पा रहा था और ना ही मैं अब उनको छोड़ सकता .था इसलिए एक दिन मैने सलमान से अपने दिल बात करने की सोची क्योंकि हम सब मे एक सलमान ही था जो ना सिर्फ़ उमर मे मुझसे बड़ा था बल्कि वो शादी-शुदा भी था. इसलिए एक दिन मैने बात करने के लिए सलमान को बुलाया और खुद

अपने कॅबिन मे बैठकर उसके आने का इंतज़ार करने लगा.

सलमान : हाँ भाई तुमने मुझे बुलाया था.

मैं : हाँ सलमान ! बैठ जाओ .तुमसे एक दिल की बात करना चाहता था .समझ नही आ रहा कहाँ से शुरू करू.

सलमान : (मेरे सामने की कुर्सी पर बैठ ते हुए) बोल भाई ! क्या बात है ?

मैं : तू तो जानता है कि मैं ये मुल्क़ छोड़ कर जा रहा हूँ लेकिन जाने से पहले मैं एक उलझन मे हूँ.

सलमान : बताना यार कैसी उलझन.अब तो अपनी सारी प्रॉब्लम्स भी सॉल्व हो गई .है बिजनेस भी टॉप पर चल रहा है अब कैसी उलझन.

मैं : जब से हीना और जास्मिन यहाँ आई है मैं बहुत उलझ गया हूँ. शहनाज , हीना और जास्मिन तीनो ही मुझे बहुत प्यार करती है और उन तीनो ने ही मेरे लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया है. अब मुझे समझ नही आ रहा कि अपने मतलब के लिए उनको ऐसे छोड़ कर जाना सही होगा या नही.

सलमान : हमम्म बात तो तुम्हारी सही है... यार मेरी मानो तो तुम शादी कर लो सारी उलझन दूर हो जाएगी.

मैं : लेकिन किससे करूँ शादी ? तीनो ही मुझे प्यार करती हैं और कही ना कही तीनो ही मेरे बुरे वक़्त मे मेरे साथ थी और मेरा हमेशा साथ दिया.बिल्कुल तुम सब की तरह.

सलमान : हमम्म मेरी मानेगा तो उससे शादी कर जिससे तू प्यार करता है समझा.... और यार बहुत सोच समझकर फ़ैसला करना.

मैं : ठीक है...

उसके बाद सलमान मुझे मेरी सोच के साथ तन्हा छोड़ कर चला गया और मैं सोचने लगा कि प्यार किसको करता हूँ. सच तो ये था कि मैं तीनो से प्यार करता था लेकिन अब मैं तीनो से शादी कैसे करता. बस इसी क़श-म-क़श मे मैं उलझा हुआ था लिहाज़ा मैने ये फ़ैसला भी उन तीनो पर ही छोड़ दिया और वहाँ से सीधा घर चला गया.

३५

घर पहुँच कर मैने बहुत हिम्मत से घर का दरवाज़ा खट-खटाया. कुछ देर बाद हीना ने एक दिल-क़श मुस्कान के साथ दरवाज़ा खोला.

हीना : आज जल्दी आ गये सुजल ...

मैं : हाँ आज कुछ खास काम नही था. इसलिए जल्दी आ गया.

उसके बाद मैने चारो तरफ देखा तो मुझे सिर्फ़ जास्मिन नज़र आई जो सुजल को बोतल से दूध पिला रही थी. लेकिन मुझे शहनाज कही नज़र नही आई...

मैं : शहनाज कहाँ है...

हीना : वो यतीम खाने मे हैं .अभी बच्चों का स्कूल चल रहा है ना इसलिए शाम को आएगी.

मैं : अच्छा... मैं तुम लोगो से एक ज़रूरी बात करना चाहता था.

ये सुनकर दोनो मेरे पास आके खड़ी हो गई और सवालिया नज़रों से मुझे देखने लगी. मैने दोनो को एक नज़र देखा और दोनो का हाथ पकड़कर अपने साथ उनको भी बेड पर अपनी दोनो तरफ बिठा लिया.

मैं : तुम दोनो तो जानती ही हो कि हमारे बढ़ते हुए बिजनेस और मेरे कारनामो की वजह से मैं पूरे मुल्क़ मे मोस्ट-वांटेड हूँ. इसलिए मुझे ये मुल्क़ छोड़ना होगा लेकिन मैं सोच रहा हूँ इस मुल्क़ से मैं अकेला नही बल्कि शादी करके अपनी बीवी के साथ जाऊ.

हीना : (खुश होते हुए) ये तो बहुत अच्छी बात है कि तुमने शादी करने का फ़ैसला कर लिया है. वैसे कौन है वो खुश-नसीब.

मैं : इसका फ़ैसला मैं नही बल्कि तुम तीनो मिलकर कर ही कर लो क्योंकि मैं जानता हूँ तुम, जास्मिन और शहनाज तीनो ही मुझे बे-इंतेहा प्यार करती हो .मेरे लिए तुमने अपना सब कुछ दाँव पर लगा दिया. अब मुझ मे इतनी हिम्मत नही है कि तुम तीनो मे से किसी को भी बीच रास्ते मे ऐसे ही छोड़ कर चला जाऊ.

हीना : (हँसते हुए) बस इतनी सी बात तो इसमे कन्फ्यूज़ होने की क्या बात है... चलो तुम्हारी

एक मुश्किल तो मैं आसान कर देती हूँ.. तुमको शहनाज और जास्मिन मे से एक को चुनना है .क्योंकि मुझे लगता है मुझसे ज़्यादा तुमको ये दोनो प्यार करती हैं.

जास्मिन : नही... मुझे लगता है तुमको शहनाज और हीना ज़्यादा प्यार करती है...

हीना : चलो जी हो गया फ़ैसला... तुम शहनाज से ही शादी कर लो. वो तुमको हम दोनो से ज़्यादा प्यार करती है.

मैं : और तुम दोनो...

जास्मिन : हम दोनो की फिकर मत करो ! हम दोनो यहाँ महफूज़ है ना ! तो फिकर कैसी और वैसे भी शहनाज के जाने के बाद यतीम खाना संभालने वाला भी तो कोई होना चाहिए ना.

उनकी बात सुनकर मैं कुछ देर सोचता रहा और फिर बिना कुछ कहे बेड से उठा और चुप-चाप घर से बाहर निकल गया. मैं अपनी गहरी सोच मे इतना उलझा हुआ था कि मुझे पता ही नही चला कब मैं यतीम खाने तक पैदल ही आ गया. वहाँ जाके मैं शहनाज से मिला और यही बात शहनाज से भी कही तो उसका भी जवाब यही था कि हीना और जास्मिन मुझे उससे ज़्यादा प्यार करती है. इसलिए मैं उन दोनो मे से किसी से शादी करूँ. उसका जवाब सुनके मैं वहाँ से वापिस घर की तरफ चल दिया और जाने कब मेरे कदम मुझे बाबा की क़ब्र तक ले आए. वहाँ मैं कुछ देर बैठा रहा और अपने सवालो के जवाब हासिल करने की कोशिश करता रहा लेकिन मैं नाकाम साबित हो रहा था फिर मैं अपनी गुज़री हुई ज़िंदगी को देखने लगा जब मैं सबसे पहले जास्मिन से मिला था वहाँ उसने कैसे पहले मेरी जान बचाई फिर सलमा के साथ मेरी बेहतरीन देख-भाल कि जिससे मैं चन्द महीनो मे अपने पैरो पर खड़ा हो गया.कही ना कही मेरा रोम-रोम जास्मिन और उसके परिवार के अहसान के नीचे दबा हुआ था और वैसे भी अब उसका मेरे सिवा कौन था. मैं उसको कैसे छोड़कर जा सकता था, दूसरी तरफ हीना थी जिसने मेरी एक छोटी सी दिल्लगी को प्यार समझ कर मेरे जाने के बाद सुजल और जास्मिन का ना सिर्फ़ ख़याल रखा बल्कि मेरी गैर हाज़री मे बाबा और सलमा की भी हमेशा मदद की. वो नही होती तो आज शायद जास्मिन और सुजल भी ज़िंदा नही होते, वही शहनाज के बारे मे सोचता तो वो सबसे अलग थी सारी दुनिया ने मान लिया था कि मैं मर चुका हूँ फिर भी वो मेरा इंतज़ार करती रही. मुझसे शादी किए बिना भी मेरी बेवा बनकर वो अपनी उमर गुज़ारने के लिए तैयार थी और मेरे चले जाने के बाद उसने मेरे सपने को अपनी ज़िंदगी का मकसद बना लिया और अपनी सारी ज़िंदगी यतीम खाने के नाम क रदी. देखा जाए तो मैं इन तीनो का ही कही ना कही कर्ज़दार था.इनके किए हुए प्यार और अहसान को मैं ऐसे कैसे छोड़ कर नही जा सकता था लिहाज़ा मैने एक ऐसा फ़ैसला किया जो शायद किसी ने भी ना सोचा हो. एक नतीजे पर पहुँच कर मैं खुद को काफ़ी शांत महसूस कर रहा था और बाबा की कब्र के पास बैठा खुश हो रहा था. तभी पिछे से एक हाथ मेरे कंधे पर आके रुक गया. मैने पिछे मुड़कर देखा तो ये सलमान था.

सलमान : भाई ! कहाँ है तू दुपेहर से. मैं घर भी गया था लेकिन हीना और जास्मिन ने बताया

कि तू बिना कुछ कहे वहाँ से चला गया .मैने समझा तू यतीम खाने गया होगा वहाँ से भी शहनाज से ऐसा ही जवाब मिला. तुझे काफ़ी ढूँढा जब तू नही मिला तो मैं जानता था तू कहाँ मिलेगा.

मैं : यार शाम हो गई ? पता ही नही चला ! मैं आज खुद को काफ़ी उलझा हुआ महसूस कर रहा था. इसलिए सोचा यहाँ आ जाऊ तो मन शांत हो जाएगा.

सलमान : मैं जानता हूँ यार... चल बता फिर किसको प्यार करता है तू और किससे शादी करेगा .मैं कल ही क़ाज़ी को बुलवा लेता हूँ.

मैं : तू क़ाज़ी को बुलवा ले मैने. मेरी हम-सफ़र को चुन लिया है.

सलमान : (खुश होके मेरे गले लगते हुए) अर्रे वाह भाई ! दिल खुश कर दिया.क्या मस्त खबर सुनाई है.... चल बता कौन है हमारी होने वाली भाभी...

मैं : (मुस्कुरा कर) कल निकाह पर देख लेना

सलमान :यार तू कल ही शादी करेगा क्या...

मैं : हाँ क्यो... नही कर सकता क्या...

सलमान : नही... नही... यार ! ऐसी बात नही है . मेरा मतलब था शादी अगर धूम-धाम से होगी तो ज़्यादा बेहतर होगा और उसके लिए तैयारियाँ करने के लिए वक़्त चाहिए.

मैं : (कुछ सोचते हुए) एक हफ़्ता काफी है ...

सलमान : हाँ एक हफ्ते मे तो मैं सब इंतज़ाम कर दूँगा...

मैं : तो ठीक है फिर तय हो गया....

उसके बाद मैं ओर सलमान कार मे बैठ कर घर आ गये. जहाँ जास्मिन शहनाज और हीना मेरा इंतज़ार कर रही थी.

सलमान : लो जी आपका मुजरिम पकड़ लाया हूँ. अब खुद ही संभाल लो. मैं तो चला शादी की तैयारियाँ करने... मुझे बहुत काम है.

सलमान की बात सुन्नकर वो तीनो मेरे पास आके बैठ गई और मुझे सवालिया नज़रों से देखने लगी क्योंकि सलमान की तरह वो भी जानना चाहती थी कि मैं किससे शादी करना चाहता

हूँ.लेकिन उनमे से कोई भी मुझसे ये सवाल नही पूछ रही थी. शायद उनमे किसी मे भी दूसरे का नाम सुनने की हिम्मत नही थी.इसलिए कुछ देर मेरे पास खामोश बैठी रहने के बाद तीनो अपने-अपने कामो मे लग गई. मैं जानता था कि वो तीनो ही अंदर से बेहद उदास हैं. लेकिन फिर भी मेरी खुशी के लिए तीनो सलमान की बीवी के साथ शादी की शॉपिंग मे लग गई.

तय किए हुए दिन पूरी बस्ती को दुल्हन की तरह सज़ा दिया गया और मेरी शादी बस्ती मे करना ही तय हुआ क्योंकि मेरा भी कोई अपना खास रिश्तेदार तो था नही. जो भी थे ये बस्ती वाले और मेरे दोस्त मेरे यार ही थे. इसलिए मैने बस्ती मे ही शादी करने का फ़ैसला किया जिसको सबने खुशी-खुशी मान लिया. लेकिन इन गुज़रे दिनों मे सब मुझसे आके बार-बार एक ही सवाल पूछते थे कि दुल्हन कौन है और मैं किसी को कुछ नही बता रहा था. इसलिए सब एक अजीब सी उलझन मे शादी की तैयारियाँ कर रहे थे.

शादी वाले दिन क़ाज़ी ने दुल्हन को बुलाने का कहा था तो सब मेरी तरफ सवालिया नज़रों से देखने लगे कि अब मैं किसका नाम लूँगा. मैने चारो तरफ नज़र घूमके देखा तो वहाँ पर ना तो जास्मिन थी ना ही शहनाज थी और नही ही हीना थी इसलिए मैने सलमान से तीनो का पूछा.

सलमान : वो तीनो घर मे हैं. जो भी तुम्हारी दुल्हन है उसको जाके खुद ले आओ.

इतना सुनकर मैं वहाँ से उठा ओर चुपचाप घर के अंदर चला गया जहाँ तीनो अलग-अलग बैठी हुई थी और एक दम खामोश थी वो काफ़ी उदास लग रही थी. मुझे देख कर वो कुछ ज़्यादा ही परेशान सी लगने लगी.

मैं : क्या हुआ तुम तीनो यहाँ क्यो हो...

हीना : सुजल बस करो अब बहुत हो गया है. हम तीनो कितने दिन से देख रही है तुम ना तो कुछ कहते हो ना किसी की सुनते हो. आख़िर तुम बताते क्यो नही कि तुमने किसको चुना है .कितने दिन हो गये तुमने हम तीनो की जान सूली पर टाँग रखी है .समझ ही नही आ रहा है कि तुम्हारे दिल मे क्या है.

मैं : (ज़ोर से हँसते हुए) अगर मैं कहूँ कि मैं तुम तीनो से शादी करना चाहता हूँ, तो तुम तीनो मे से किसी को ऐतराज़ है क्या...?

मेरी ये बात सुनकर तीनो एक दूसरे की शक़ल देखने लगी. उनको शायद समझ नही आ रहा था कि वो क्या कहें. शायद किसी ने भी मुझसे ऐसे जवाब की उम्मीद नही की थी इसलिए अब मेरे जैसी उन तीनो की हालत हुई पड़ी थी.

शहनाज : तुम पागल तो नही हो गये हो.तुम जानते भी हो तुम क्या कह रहे हो. ये ना-मुमकिन है.

मैं : मैं एक दम ठीक हूँ और मैने जो कहा वो भी एक दम सही है. मैं तुम तीनो के बारे मे सोचा लेकिन कोई भी फ़ैसला नही कर पाया.इसलिए मैने तुम तीनो को ही चुन लिया. क्योंकि मैं जानता हूँ ,तुम तीनो मे से कोई भी मेरे बिना नही रह सकती और एक को खुश करके मैं दो का दिल नही तोड़ सकता. अब बताओ तुम तीनो को इससे कोई ऐतराज़ है या नही.

इतना कहकर मैने सबसे पहले जास्मिन की तरफ देखा तो उसने ना मे सिर हिला दिया. फिर शहनाज की तरफ देखा तो उसने भी ना मे सिर हिला दिया और लास्ट हीना की तरफ देखा तो उसने बिना कुछ कहे मुझे गले से लगा लिया.

मैं : अगर ऐतराज़ नही है तो तैयार होके बाहर आ जाओ. बाहर क़ाज़ी इंतज़ार कर रहा है.

उसके बाद मैं वापिस बाहर आ गया और अपनी जगह पर जाके बैठ गया और सलमान और लाला को सारी बात बता दी. तो मेरी बात सुनकर उनके भी होश उड़ गये. लेकिन मेरी बात को समझने के बाद वो भी मान गये और मेरी खुशी मे वो भी खुश हो गये. कुछ देर बाद तीनो तैयार होके आ गई और क़ाज़ी ने थोड़े बहुत नाटक करने के बाद मेरा तीनो से निकाह करवा दिया. उसके बाद मैने, मेरी बीवियो ने और सुजल ने एक साथ ये मुल्क़ छोड़ दिया.

मैने ऊपरवाले से मन ही मन कहा कि , "अब बस करो ! ,में थक चुका हूं इस खून खराबे से " और ऊपरवाले ने मेरी सुन भी ली.अब मैं अपनी तीनो बीवियो के साथ बहुत सुकून से रहता हूँ. मुझे मेरा मुल्क़ छोड़े हुए चौबीस साल हो गये हैं और इन बीते चौबीस सालो मे मुझे हीना, शहनाज और जास्मिन से एक-एक बेटा हुआ है .जो अभी स्कूल और कॉलेज की एजुकेशन पूरी कर रहे हैं और हमारे साथ ही रहते हैं. तीनो मे मेरी कोई ना कोई खूबी है. लड़कियों का शॉक सबको ही है जिनसे उनकी माँ हमेशा ही परेशान रहती हैं लेकिन वो हर बार मुझे डाँट खाने के लिए आगे करके खुद साफ बचकर निकल जाते हैं. छोटा सुजल भी अब बड़ा हो गया है और वो और अली (सलमान का बेटा) अब मेरा बिजनेस संभालने लगे हैं. सुजल देखने मे काफ़ी हद तक मेरे जैसा है. थोड़ा गरम मिज़ाज़ का भी है. अली एक दम सलमान जैसा ठंडे दिमाग़ का .है जो सुजल को ठंडा करने मे लगा रहता है.

हमारे जाने के बाद यतीम खाना अब साधरन यतीम खाना नही रहा. वहाँ अब हमने एक शानदार स्कूल और बच्चों के रहने के लिए एक आलीशान होस्टल बनवा दिया है. जहाँ बच्चे अच्छी तालीम हासिल करते हैं. क्योंकि हम उन बच्चो को अपने जैसा नही बनाना चाहते. बस्ती भी वो पुरानी टूटी फूटी नही रही हमने वहाँ सबके लिए अच्छे और शानदार घर बनवा दिए हैं और लोगो के रोज़गार के लिए वहाँ फॅक्टरीस और मिल्स खोल दी हैं.जिसको लाला, सूमा संभालते हैं.

अर्रे हाँ हमारे बिजनेस का बताना तो मैं भूल ही गया. हमने अब अपना ड्रग्स और हथियारों का बिजनेस बंद कर दिया है और सारा पैसा रियल एस्टेट, होटेल्स, कसीनो और फाइनान्स कंपनी मे लगा दिया है और अपने हर ग़लत धंधे को शरीफो वाला बिजनेस बना दिया है.जिसको मेरे साथ सलमान, गानी संभालते हैं. लाला, सूमा और गानी ने भी शादी कर ली है और सुधरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. लेकिन आज भी उनके अंदर का गुंडा कभी कभी बाहर आ जाता है जिसको मुझे और सलमान को संभालना पड़ता है. आज मैं एक अंडरवर्ल्ड डॉन होते हुए भी एक नॉर्मल बिजनेस मेन की जिंदगी गुज़ार रहा हूँ और अपने परिवार के साथ बहुत खुश हूँ.

●◆■★ समाप्त ★■◆●